दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली शुक्रवार 15 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 142 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## वीडी सतीशन होंगे केरलम के नए सीएम



**नई दिल्ली।** केरलम में वीडी सतीशन होंगे राज्य के नए मुख्यमंत्री। गुरुवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने उनके नाम की घोषणा की है। मालूम हो कि, केरलम विधानसभा चुनाव के नतीजे 10 दिन पहले 4 मई को घोषित हुए थे। तब से कांग्रेस पार्टी में सीएम के नाम को लेकर कई अटकलें चल रही थीं।

नए सीएम की घोषणा के बाद एआईसीसी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, मैं इस फैसले का पूरे दिल से स्वागत करता हूं। मैं वीडी सतीशन को इस पद के लिए बधाई देता हूं। वेणुगोपाल ने कहा, मेरा मानना है कि केरलम की जनता ने यूडीएफ के पक्ष में एक बड़ा जनादेश दिया है। वीडी सतीशन के नेतृत्व वाली सरकार केरलम की जनता की आकांक्षाओं और वादों को पूरा कर सकती है। निश्चित रूप से, हम केरलम सरकार के साथ पूरी तरह से खड़े हैं।

### राष्ट्रपति ध्वज अलंकरण समारोह में गृहमंत्री का बड़ा संदेश

# 20 साल में एनडीआरएफ ने जीता 140 करोड़ देशवासियों का भरोसा : अमित शाह









**समारोह**

**अमित शाह बोले, आपदा के समय लोगों को सबसे पहले एनडीआरएफ पर भरोसा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को आयोजित राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के राष्ट्रपति ध्वज अलंकरण समारोह में देश की आपदा सुरक्षा व्यवस्था की ताकत दिखाई दी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एनडीआरएफ की जमकर सराहना करते हुए कहा कि महज दो दशकों में बल ने देश के 140 करोड़ नागरिकों का विश्वास जीत लिया है। उन्होंने कहा कि आज देश के किसी भी हिस्से में आपदा आने की सूचना मिलते ही लोगों को यह भरोसा हो जाता है कि एनडीआरएफ पहुंच गई तो राहत और बचाव निश्चित है। गाजियाबाद स्थित एनडीआरएफ परिसर में आयोजित राष्ट्रपति ध्वज अलंकरण समारोह बेहद भव्य और गौरवपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि किसी भी सशस्त्र बल को राष्ट्रपति ध्वज सम्मान मिलना उसके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का सबसे बड़ा प्रतीक होता है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ ने भूकंप, बाढ़, चक्रवात, भूस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओं में देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक जाकर मानवता की सेवा की है।





### देश ही नहीं, विदेशों में भी एनडीआरएफ पर भरोसा

करंट क्राइम : गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जब भी एनडीआरएफ की टीमें दुनिया के किसी हिस्से में राहत और बचाव अभियान के लिए जाती हैं, वहां के लोगों का प्यार और विश्वास भारत की पहचान को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ के 20 वर्ष केवल एक समयावधि नहीं, बल्कि साहस, समर्पण और सेवा की गौरवगाथा हैं। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ ने अब तक साढ़े आठ हजार से अधिक कर्मियों, 10 हजार से अधिक नागरिक सुरक्षा कर्मियों और दो लाख 20 हजार से अधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया है। इसके अलावा बीते दो वर्षों में साढ़े दस हजार से अधिक नौसैनिकों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

### शून्य जनहानि लक्ष्य की ओर बढ़ रहा देश

करंट क्राइम : गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब शून्य जनहानि यानी आपदाओं में न्यूनतम मौतों के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, मोबाइल चेतावनी व्यवस्था और समयपूर्व सूचना तंत्र को लगातार विकसित किया जा रहा है। उन्होंने हाल ही में जारी राष्ट्रीय सुरक्षा और आपदा चेतावनी संदेशों का जिक्र करते हुए कहा कि अब देश के हर नागरिक तक मोबाइल के माध्यम से त्वरित सूचना पहुंच रही है। इससे लोगों में जागरूकता बढ़ी है और आपदा के दौरान नुकसान कम करने में मदद मिल रही है।







### भारत बना वैश्विक आपदा प्रबंधन का अग्रणी देश

करंट क्राइम : अमित शाह ने कहा कि भारत आज आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने बताया कि आपदा रोधी आधारभूत संरचना गठबंधन से 48 देश जुड़ चुके हैं और भारत के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आपदा प्रबंधन नीति और एनडीआरएफ की कार्यशैली दुनिया के लिए उदाहरण बन चुकी है।



### एनडीआरएफ परिसर की हरियाली देख गद्गद हुए अमित शाह, लगाया रुद्राक्ष

करंट क्राइम : समारोह के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने एनडीआरएफ परिसर में रुद्राक्ष का पौधा भी लगाया। परिसर की हरियाली और स्वच्छ वातावरण की उन्होंने खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि देश की विभिन्न अर्धसैनिक बलों द्वारा इस वर्ष करोड़ों पौधे लगाए जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण, वायु शुद्धिकरण और हरित संतुलन को मजबूती मिलेगी। अपने संबोधन के अंत में गृहमंत्री ने कहा कि आज देश में आपदा बचाव केवल सरकारी व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज का संस्कार बन चुका है। एनडीआरएफ, राज्य आपदा मोचन बल, पंचायतें, स्वयंसेवी संगठन, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना और हजारों आपदा मित्र मिलकर देश को सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, एमएलसी दिनेश गोयल, श्रीचंद शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक जीतपाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

## गाजियाबाद के विकास को लगेंगे पंख

# जीडीए बोर्ड बैठक में 'एरोसिटी' और 'इंटरनेशनल स्टेडियम' समेत कई महाप्रोजेक्ट्स को हरी झंडी

**विकास की राह...**

**शहर के कायाकल्प के लिए 13 प्रस्तावों पर मुहर, मोरटा क्षेत्र बनेगा नया कमर्शियल और स्पोर्ट्स हब**



### गाजियाबाद में गूंजेगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रोमांच

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और जीडीए के बीच 50-50 प्रतिशत की भागीदारी के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण पर सहमति बनी है। यह स्टेडियम न केवल खेलों को बढ़ावा देगा, बल्कि क्षेत्र में हॉस्पिटैलिटी और कमर्शियल गतिविधियों का केंद्र भी बनेगा।

### 'हरनंदीपुरम' आवासीय योजना का विस्तार

करंट क्राइम। प्राधिकरण ने अपनी नई आवासीय योजना 'हरनंदीपुरम' के द्वितीय चरण के लिए 2179.50 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की है। इसके तहत ग्राम भावापुर, मोरटा और शाहपुर निज-मोरटा की 125.28 हेक्टेयर भूमि को आपसी सहमति से खरीदा जाएगा। इसे गाजियाबाद की सबसे आधुनिक और सुव्यवस्थित टाउनशिप के रूप में पेश किया जा रहा है।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 172वीं बोर्ड बैठक में शहर के भविष्य को लेकर कई दूरगामी निर्णय लिए गए। मेरठ मंडल के आयुक्त और जीडीए अध्यक्ष भानु चंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गाजियाबाद को वैश्विक मानचित्र पर लाने के लिए 'एरोसिटी' और 'इंटरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम' जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी गई है।

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा राजनगर एक्सटेंशन के पास एरोसिटी का विकास रहा। ग्राम मोरटा, अटौर और मेवला अगरी की लगभग 200.25 हेक्टेयर भूमि पर इसे विकसित किया जाएगा। भूमि अर्जन के लिए 2813 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यहाँ केवल आवास ही नहीं, बल्कि कॉर्पोरेट हब, लग्जरी होटल, कन्वेंशन सेंटर और विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा।

### गगनचुंबी इमारतों के लिए 'अग्नि सुरक्षा' कवच

एनसीआर में हाईराइज इमारतों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं:

**102 मीटर का हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म :** जीडीए ने 100 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जो 30-35 मंजिला इमारतों तक राहत कार्य करने में सक्षम होगा।

**सुस्त परियोजनाओं पर बरती सख्ती :** बैठक के दौरान 'वेब सिटी' जैसी हाईटेक टाउनशिप की धीमी प्रगति पर अध्यक्ष ने कड़ा असंतोष जताया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। किसी भी प्रकार की देरी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### बैठक में उपस्थिति

इस अवसर पर जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल, सचिव विवेक कुमार मिश्रा, वित्त नियंत्रक ए.के. वाजपेई और बोर्ड सदस्य पवन गोयल व केशव त्यागी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना तो कश्मीर से भी बदतर होंगे देश के हालात: गिरिराज सिंह





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के पंचशील पार्क में गुरुवार को राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट (जनसंख्या समाधान फाउंडेशन) द्वारा 'हिन्दू राष्ट्र संकल्प' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जनसंख्या विस्फोट पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा कि यदि समय रहते देश में सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू नहीं किया गया, तो जनसांख्यिकीय असंतुलन के कारण पूरे देश के हालात कश्मीर से भी अधिक भयावह हो जाएंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. इन्द्रेश कुमार ने अखंड भारत का आह्वान करते हुए कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश भी सांस्कृतिक रूप से भारत का ही हिस्सा हैं। वहीं, 'सनातन विमर्श केंद्र' के उद्घाटन के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने चेतावनी दी कि एक विशेष वर्ग की बेतहाशा बढ़ती आबादी देश की सुरक्षा और संसाधनों के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने घोषणा की कि 27 अक्टूबर 2026 को जनसंख्या कानून, यूसीसी, वक्फ बोर्ड की समाप्ति और घुसपैठ नियंत्रण जैसे विषयों को लेकर देशभर के सभी जिला कलेक्ट्रेट पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन की राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए फाउंडेशन पिछले 12 वर्षों से 24 राज्यों में अभियान चला रहा है। उन्होंने देश में गृहयुद्ध जैसे हालात से बचने के लिए कानून को अनिवार्य बताया। कार्यक्रम में स्वामी दीपांकर जी महाराज और लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने साप्ताहिक मंगलवार मिलन कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रव्यापी जन-समर्थन जुटाने का संकल्प लिया।

# सोशल मीडिया नहीं, जनता तय करती है सत्ता का भविष्य : बालेश्वर त्यागी

## 'जनता सोशल मीडिया की भाषा नहीं जानती, वह हमसे-आपसे ज्यादा समझदार है'






**पांच प्रमुख बातें**

**1 निजी विचारों को राजनीतिक एजेंडा न माना जाए**
लेखक ने स्पष्ट किया कि वह भाजपा समर्थक जरूर हैं, लेकिन पार्टी के प्रवक्ता नहीं हैं। उनके मंच पर लिखी गई बातें उनके निजी विचार हैं, किसी राजनीतिक दल की आधिकारिक लाइन नहीं।

**2 हर असहमति का जवाब देना उद्देश्य नहीं**
लेखक का कहना है कि वह बहस के जरिए विरोधियों को अपने पक्ष में करने की कोशिश नहीं करते। उचित जिज्ञासाओं का उत्तर देना अलग बात है, लेकिन हर व्यक्ति को संतुष्ट करना संभव नहीं।

**3 राजनीतिक चश्मे से देखने की प्रवृत्ति पर सवाल**
लेखक को आपत्ति है कि लोग हर बात को भाजपा या कांग्रेस के नजरिए से देखने लगते हैं। यहां तक कि भाजपा की आलोचना करने पर भी कुछ लोगों को उसमें छिपी हुई भाजपाह्न दिखाई देती है।

**4 भ्रष्टाचार पर दोहरे मापदंड स्वीकार नहीं**
लेख में कहा गया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ बात करने पर केवल वही लोग असहज होते हैं जिनके भीतर कहीं न कहीं अपराधबोध या राजनीतिक पक्षधरता होती है।

**5 जनता सबसे बड़ी निर्णायक शक्ति है**
निष्कर्ष यह है कि सोशल मीडिया नहीं, बल्कि जनता सत्ता बदलती है। कई उदाहरण देकर बताया गया कि जनता से दूरी किसी भी दल को सत्ता से बाहर कर सकती है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मैं भाजपा विचार परिवार से जुड़ा रहा हूं। अभी भी भाजपा का समर्थक हूं। लेकिन भाजपा का प्रवक्ता नहीं हूं। और न ही भाजपा के लिए पोस्ट लिखता हूं। ये मेरा मंच है। इस पर मैं अपनी बात लिखता हूं। इससे किसी का सहमत या असहमत होना उनका अपना विषय है, यह मेरी चिंता का विषय नहीं है। मैं इस मंच पर बहस करके विरोधियों को अपने पक्ष में करने के प्रयास नहीं करता हूं। इसलिए किसी की उचित जिज्ञासा का तो उत्तर देने का प्रयास करता हूं लेकिन हर व्यक्ति का उत्तर देना और उन्हें संतुष्ट करना न तो मेरी क्षमता में है और न मेरा उद्देश्य है।

मेरी अपेक्षा रहती है कि मैंने जो कहा है, उसे वैसा ही पढ़ा जाय, उसके पीछे कोई एजेंडा छिपा नहीं होता, क्योंकि वह किसी के अधिवक्ता के रूप में नहीं लिखा गया है। वह मेरा निजी विचार है। मैं यह भी अपेक्षा नहीं करता कि उसे अधिक से अधिक पसंद किया जाय। जिसे पसंद हो वह करे और न पसंद हो वह डिसलाइक करे। मैं देखता हूं कि कई लोग मेरे कथन को भाजपा का कथन के रूप में देखते हैं जबकि वे स्वयं किसी राजनैतिक दल के चश्मे से देखते हैं। यह प्रवृत्ति मेरे विचार के साथ अन्याय है। सच में जब मैं कई बार कोई बात मुझे भाजपा की उचित नहीं लगती और मैं उसे अपने शब्दों में कहता/लिखता हूं तो कई कांग्रेस के चश्मे से देखने वालों को उसमें भी छुपी हुई भाजपा ही दिखती है। अगर मैं कहूं कि जो राजनीति में भ्रष्टाचार करने वालों की सेवा खाक की है तो इसमें किसी के पेट में क्यों दर्द होना चाहिए। विशेष रूप से उन्हें तो बिल्कुल बेचैन नहीं होना चाहिए जो स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं हैं। जो इस पर भी बेचैन होते हैं, उनकी बेचैनी की दवा मेरे पास नहीं है। जिन्होंने देश की राजनीति को भ्रष्टाचार का कहकहा सिखाया, वह बिल्ली सौ चूहे खाकर हज को नहीं जा सकती है।

पता नहीं क्यों कुछ लोगों को जनता की बुद्धिमत्ता पर भरोसा नहीं है। ये जनता समय पर सबका इलाज करती है। ताजा उदाहरण बंगाल का है। जो ममता दीदी अजेय समझी जाती थी, व्यक्ति पूजा, सत्ता का अतिकेंदीकरण और अहंकार ने उसे उखाड़ कर फेंक दिया है। किसी समय में लोगों को लगता था कि इंदिरा जी को तो हराया ही नहीं जा सकता। वे स्वयं भी चुनाव हार गई। जो जनता पार्टी बड़े बहुमत से जीती ढाई साल में ही सत्ता से उतार फेंकी गई। जो राजीव गांधी 400 से अधिक सीटें लेकर सत्ता में आए, पांच साल में ही बाहर हो गए। भाजपा भी इसका अपवाद नहीं होगी। फेसबुक, वीडियो, सोशल मीडिया से सत्ता नहीं बदली जाती उसके लिए जनता के पास जाना पड़ेगा। वह जनता केवल सोशल मीडिया की भाषा नहीं जानती। वह हमसे आप से ज्यादा समझदार है।

# यूपी में आंधी-तूफान से 96 की मौत, 50 घायल

## भदोही में 18 और प्रयागराज में 17 लोगों की गई जान, 22 ट्रेनें फंसी रहीं









**तबाही**

**सबसे ज्यादा वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर मंडल में लोगों की मौतें**



**तेज हवाओं के कारण पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार को आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के कारण पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे कई जगह बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। आंधी-पानी की चपेट में आने से अलग-अलग जिलों में 96 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। सबसे ज्यादा वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर मंडल में लोगों की मौत हुई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकान और टीन शेड उड़ गए, वहीं, फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। तेज बारिश और धूल भरी आंधी के कारण सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही। कई जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। मरने वालों में भदोही में 18, मिजार्पुर में 15, प्रयागराज में 17, प्रतापगढ़ और बरेली में 4-4, फतेहपुर में 10, उन्नाव और बदायूं में 6-6, सीतापुर, रायबरेली, चंदौली, कानपुर देहात, हरदोई और संभल में दो-दो, कौशांबी, शाहजहांपुर, सोनभद्र और लखीमपुरखीरी में एक-एक लोग शामिल हैं।

**45.4 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा रहा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म :** प्रदेश में एक ओर जहां आंधी बारिश से नुकसान के अलावा गर्मी से कुछ राहत मिली, वहीं बुंदेलखंड समेत दक्षिणी जिलों में तेज धूप और भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। बांदा 45.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। इसके अलावा झांसी में 44.5, प्रयागराज में 43.5, हमीरपुर में 43.2 और उरई में 41 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बृहस्पतिवार से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी

**कानपुर/प्रयागराजः पेड़ गिरने से ओएचई क्षतिग्रस्त, 22 ट्रेनें फंसी रहीं**

आंधी की वजह से दिल्ली-हावड़ा रूट करीब डेढ़ घंटे के लिए बाधित हो गया। फतेहपुर में पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई। इससे कानपुर होकर आने-जाने वाली करीब 22 ट्रेनें प्रभावित हुई। शाम छह बजे ट्रेनों का संचालन शुरू हो सका।

प्रयागराज-जौनपुर रेल खंड पर थरवई और सरायचंडी रेलवे स्टेशन के बीच गेट नंबर आठ-सी पर एक भारी-भरकम पेड़ अप और डाउन दोनों रेल लाइनों पर गिर गया, जिसके चलते इस व्यस्त रूट पर ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से ठप हो गया। लखनऊ और प्रतापगढ़ रूट पर भी आंधी का असर पड़ा।

# सीएम योगी ने लिया संज्ञान, पीड़ितों को 24 घंटे में मुआवजा देने का निर्देश

**तूफान**

**सभी जिलों को हर 3 घंटे में स्थिति का अपडेट देने के लिए निर्देशित किया**




**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में बेमौसम बारिश, आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली गिरने से अब तक 89 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे पर अब सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। सीएम ने पीड़ितों को 24 घंटे के भीतर मुआवजा देने का निर्देश दिया है। सीएम ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर पीड़ितों की मदद करने का भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सभी जिलों को हर 3 घंटे में स्थिति का अपडेट देने के लिए निर्देशित किया गया है।

बता दें कि बुधवार को तेज आंधी-तूफान से बाराबंकी, बहराइच, कानपुर देहात, बस्ती समेत कुल 19 जिलों में जनहानि, पशुहानि और फसल हानि की खबर सामने आई है। इसके साथ ही तेज आंधी-तूफान से बड़ी संख्या में मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए कहा है कि इस काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनी से नुकसान का सर्वे कराकर शासन को अवगत कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है। इस सर्वे के बाद नुकसान का आंकलन कर पीड़ितों को मुआवजा दिया जाएगा।

# बरेली में मौत को छूकर लौटे 'नन्हे मियां', टीनशेड के साथ हवा में उड़ने का वीडियो वायरल

**कुदरत का कहर**

**तेज हवाओं के बीच एक युवक टीनशेड के साथ हवा में कई फीट ऊपर उड़ता दिखाई दिया**




**बरेली।** उत्तर प्रदेश में आए भीषण आंधी-तूफान के बीच बरेली से एक ऐसा वीडियो सामने आया जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। तेज हवाओं के बीच एक युवक टीनशेड के साथ हवा में कई फीट ऊपर उड़ता दिखाई दिया। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो को देखने के बाद लोग इसे किसी फिल्मी दृश्य जैसा बता रहे हैं, लेकिन जिस शख्स के साथ यह हादसा हुआ, उसके लिए यह जिंदगी और मौत के बीच का खौफनाक पल था।

वायरल वीडियो में दिखाई देने वाले युवक का नाम नन्हे मियां बताया जा रहा है। घटना बरेली की है, जहां बुधवार शाम अचानक तेज आंधी और बारिश ने तबाही मचा दी। कई जगह पेड़ उखड़ गए और मकानों को नुकसान पहुंचा। इसी दौरान नन्हे मियां अपने साथियों के साथ सामान उतारने पहुंचे थे। मौसम खराब होता देख उन्होंने पास में रुकने का फैसला किया।

लेकिन कुछ ही सेकंड में हालात इतने भयावह हो गए कि टीनशेड तेज हवा के साथ उड़ गया और नन्हे मियां भी उसके साथ हवा में लटकते हुए कई फीट ऊपर पहुंच गए।

घटना के बाद अस्पताल में भर्ती नन्हे मियां ने उस डरावने पल को याद करते हुए बताया कि अचानक इतनी तेज हवा चली कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला।

# महंगाई की मार : दिल्ली-एनसीआर में दूध हुआ महंगा

## अमूल-मदर डेयरी ने बढ़ाए दाम



**मुंबई।** अमूल इंडिया के बाद अब मदर डेयरी ने भी दूध के दाम में बढ़ोतरी की है। यह बढ़ोतरी दो रुपए प्रति लीटर के हिसाब से की गई है। कंपनी ने बताया कि नई दरें 14 मई 2026 यानी आज से प्रभावी हो जाएंगी।

मदर डेयरी के प्रवक्ता ने कहा कि पिछले एक साल में किसानों से दूध खरीद की लागत में करीब 6 प्रतिशत की लगातार बढ़ोतरी हुई है। उपभोक्ताओं पर कम असर डालने की कोशिश के बावजूद कीमतों में संशोधन जरूरी हो गया था।

**'पूरी लागत के मुकाबले आंशिक है बढ़ोतरी'**

कंपनी के मुताबिक, यह बढ़ोतरी पूरी लागत के मुकाबले आंशिक है और इसका उद्देश्य किसानों के हित तथा उपभोक्ताओं के बीच संतुलन बनाए रखना है।

प्रवक्ता ने कहा कि मदर डेयरी अपने दूध बिक्री से होने वाली कमाई का लगभग 75 से 80 प्रतिशत हिस्सा किसानों और दूध खरीद पर खर्च करती है। इससे किसानों की आजीविका को समर्थन मिलता है और उपभोक्ताओं को लगातार गुणवत्तापूर्ण दूध उपलब्ध कराया जा सकता है। कंपनी ने बताया कि इससे पहले दूध की कीमतों में आखिरी बार अप्रैल 2025 में संशोधन किया गया था।

### नई कीमतें लागू, कितनी ढीली होगी जेब?

नई कीमतों के अनुसार, बल्क वेंडेड मिल्क (टोकन मिल्क) का दाम 56 रुपए से बढ़ाकर 58 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। फुल क्रीम दूध अब 70 रुपए की जगह 72 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। टोंड मिल्क की कीमत 58 रुपए से बढ़ाकर 60 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। वहीं, डबल टोंड मिल्क (लाइव लाइट) अब 52 रुपए के बजाय 54 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। गाय के दूध की कीमत 60 रुपए से बढ़ाकर 62 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है, जबकि प्रो मिल्क अब 70 रुपए की जगह 72 रुपए प्रति लीटर मिलेगा।

वहीं, इससे पहले अमूल इंडिया की तरफ से एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया गया था कि अमूल दूध की कीमतों में प्रति लीटर 2 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी अमूल ताजा, अमूल गोल्ड, अमूल शक्ति, अमूल टी स्पेशल और अन्य प्रमुख वैरिएंट्स पर लागू होगी। अब अमूल ताजा 500 मिली पैक 28 रुपए की जगह 29 रुपए में मिलेगा, जबकि 1 लीटर पैक 55 रुपए से बढ़कर 57 रुपए हो जाएगा। अमूल गाय दूध 500 मिली पैक की कीमत 29 रुपए से बढ़कर 30 रुपए कर दी गई है।

अमूल शक्ति 500 मिली पैक अब 31 रुपए की जगह 32 रुपए में मिलेगा। अमूल टी स्पेशल 1 लीटर पैक की कीमत 63 रुपए से बढ़ाकर 66 रुपए कर दी गई है। अमूल गोल्ड 500 मिली पैक अब 34 रुपए की जगह 35 रुपए में मिलेगा। वहीं, अमूल बफेलो मिल्क 500 मिली पैक की कीमत 37 रुपए से बढ़ाकर 39 रुपए कर दी गई है।

# विजय ने कर्मचारियों-पेंशनर्स को दिया तोहफा, दो फीसदी बढ़ाया महंगाई भत्ता

**सौगात**

**इस बढ़ोतरी के बाद डीए 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है**



**चेन्नई।** सीएम विजय ने तमिलनाडु के सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों, पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत बढ़ोतरी का एलान किया। इस बढ़ोतरी के बाद डीए 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है। सरकार ने इसे 1 जनवरी 2026 से प्रभावी माना है।

राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि इस फैसले से करीब 16 लाख सरकारी कर्मचारी, शिक्षक, पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

सरकार ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत किए जाने के बाद तमिलनाडु सरकार ने भी अपने कर्मचारियों और पेंशनर्स को समान लाभ देने का निर्णय लिया है।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली सरकार कर्मचारियों और शिक्षकों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है, जो राज्य में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सार्वजनिक सेवाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार के अनुसार, डीए बढ़ोतरी से राज्य के खजाने पर सालाना करीब 1,230 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इसके बावजूद कर्मचारियों और पेंशनर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त राशि आवंटित करने का फैसला लिया।

# मुंबई में महंगी हुई सीएनजी, अब 84 रु. किलो मिलेगी गैस

**मुंबई।** मुंबई महानगर क्षेत्र में सीएनजी के नए दाम लागू हो गए हैं। महानगर गैस लिमिटेड यानी एमजीएल ने सीएनजी की कीमत में दो रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी की है। नई दर लागू होने के बाद मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई समेत एमएमआर के कई इलाकों में अब सीएनजी 84 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है। इससे पहले उपभोक्ताओं को एक किलो सीएनजी के लिए 82 रुपये चुकाने पड़ते थे।

सीएनजी की कीमत बढ़ने का असर सीधे तौर पर उन लाखों लोगों पर पड़ने वाला है जो रोजाना ऑटो, टैक्सी और सीएनजी वाहनों से सफर करते हैं। मुंबई क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन का बड़ा हिस्सा सीएनजी पर निर्भर है, ऐसे में किराए बढ़ने की संभावना भी तेज हो गई है। इधर, सीएनजी की दरें बढ़ते ही ऑटो रिक्शा यूनियनों ने किराया संशोधित करने की मांग उठा दी है। यूनियन का कहना है कि ईंधन के साथ-साथ वाहन मेंटेनेंस, स्पेयर पार्ट्स और अन्य खर्च भी लगातार बढ़ रहे हैं।

## असम सरकार में विभागों का हुआ बंटवारा

# चार मंत्रियों के मिली अहम जिम्मेदारी 26 मई के बाद होगा कैबिनेट विस्तार




**गुवाहाटी।** असम में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने आज अपने मंत्रिमंडल के चार मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया। राजभवन की मंजूरी मिलने के बाद आधिकारिक तौर पर विभागों की सूची जारी की गई। फिलहाल मंत्रिमंडल के विस्तार तक कई अहम विभाग मुख्यमंत्री अपने पास ही रखेंगे।

मुख्यमंत्री सरमा के साथ शपथ लेने वाले चार मंत्रियों में भाजपा के रामेश्वर तेली और अजंता नियोग, एजीपी के अतुल बोरा और बीपीएफ के चरण बोरो शामिल हैं। इन चारों नेताओं को अलग-अलग सामाजिक और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश्वर तेली को श्रम कल्याण, चाय जनजाति और आदिवासी कल्याण व ट्रांसफॉर्मेशन एंड डेवलपमेंट विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं पिछली सरकार में वित्त मंत्री रहीं अजंता नेओग को महिला एवं बाल विकास और पर्यटन विभाग सौंपा गया है।

# 'दिल्ली में एक और निर्भया कांड!'

**बस में सामूहिक दुष्कर्म मामले को लेकर भड़के केजरीवाल-सिसोदिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चलती स्लीपर बस में 30 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी ने घटना को लेकर भजपा सरकार पर हमला बोला है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा, 'हमने निर्भया से कुछ नहीं सीखा। ये हादसा पूरे समाज के लिए कलंक है।' आप नेता मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'दिल्ली में एक और निर्भया कांड! चलती बस में फिर से सामूहिक दुष्कर्म! दिल्ली में बीजेपी के सारे इंजन ठप हो चुके हैं। स्कूल में बच्चियां सुरक्षित नहीं, बसों में सुरक्षित नहीं।'

रानीबाग इलाके में सोमवार रात चलती स्लीपर बस में महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

# देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेश में SIR की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा।

चुनाव आयोग के अनुसार, जनगणना के तहत चल रही गृह-सूचीकरण प्रक्रिया के साथ साझा जमीनी तंत्र को ध्यान में रखते हुए एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम तय कर लिया गया है।

आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। यह पूरा कार्यक्रम मई 2026 से शुरू होकर दिसंबर 2026 तक चलेगा ।

आयोग ने बताया कि एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरा देश इसमें कवर हो जाएगा।

# पीएम की अपील का असर: बाइक से विधान भवन पहुंचे सीएम फडणवीस



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ दिन पहले ईंधन की खपत कम करने की अपील की थी। इसी क्रम में कई मंत्रियों ने अपने काफिले के आकार को कम कर दिया है। वहीं, आज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गुरुवार को विधान भवन मोटरसाइकिल से पहुंचे। यहां वह नए विधान परिषद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन की खपत कम करने की अपील के बाद उठाए गए उपायों का हिस्सा है। फडणवीस अपने आवास 'वर्षा' से मोटरसाइकिल पर दक्षिण मुंबई स्थित विधान भवन पहुंचे। उनके साथ भाजपा नेता और मंत्री आशीष शेलार भी थे। ईंधन बचाने के उद्देश्य से इसी तरह का एक कदम उठाते हुए राज्य मंत्री नितेश राणे ने मंत्रिमंडल की बैठक में भाग लेने के लिए मंत्रालय (राज्य सचिवालय) तक पैदल जाना चुना। बुधवार को मुख्यमंत्री फडणवीस ने कई मितव्ययिता उपायों की घोषणा की, जिनमें उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों के काफिले में वाहनों की संख्या को आधा करना और मंत्रियों और अधिकारियों के विदेश दौरों को रद्द करना शामिल है।

# देश पर संकट की घड़ी : दिल्ली में हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू, 50% ऑनलाइन मीटिंग

**तेल संकट**

**सरकार के मंत्री, विधायक मेट्रो, डीटीसी से चलेंगे। मंत्रियों की विदेशी यात्राएं स्थगित कर दी गईं हैं**




## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या 13 से घटाकर चार की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू करने के आदेश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि प्राइवेट कंपनियों से भी ऐसा करने के लिए कहेंगे। अब 50 फीसदी ऑनलाइन मीटिंग होगी। श्रम विभाग और अन्य विभागों को 20 फीसदी कम फ्यूल मिलेगा। सरकार के मंत्री, विधायक मेट्रो, डीटीसी से चलेंगे। मंत्रियों की विदेशी यात्राएं स्थगित कर दी गईं हैं। दिल्ली सरकार तीन महीने तक बड़े पब्लिक इवेंट नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ऊर्जा संरक्षण और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं की हैं। जिसमें मॉल और बाजार में 'मेड इन इंडिया' उत्पादों के लिए अलग स्थान बनेंगे। सरकार 90 दिन तक यह अभियान चलाएगी। इसमें स्कूल, अस्पताल और बाजार में कार्यक्रम होंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति तैयार है और जल्द लागू होगी। सरकारी दफ्तरों में एयर कंडीशनर स्थायी रूप से 24-26 डिग्री पर सेट की जाएगी। बिजली नियंत्रण के लिए संवेदक लगाए जाएंगे। यह अभियान 15 मई से शुरू होगा। दो दिन के लिए 100 फीसदी घर से काम लागू होगा।

आवश्यक सेवाओं को इससे बाहर रखा गया है। मुख्यमंत्री ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या 13 से घटाकर चार कर दी है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 15 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# जब गृह मंत्री अमित शाह ने मिलाया सबसे पहले सांसद अतुल गर्ग से हाथ

## कह दिया आपको रखना है सबके खाने का विशेष ध्यान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरूवार को गाजियाबाद आये। वो एनडीआरएफ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आये थे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कार्यक्रम के बाद भाजपा के जनप्रतिनिधियों से मिले। सबसे बड़ी बात ये थी कि यहां पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आत्मीय व्यवहार सबके दिलों को छू गया। वो सबसे मिले और ये अहसास कराया कि भाजपा एक परिवार है। वो अपने परिवार के सदस्यों को जानते हैं, पहचानते हैं। बताते हैं कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सुबह 8.30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गये थे। 10 बजे कार्यक्रम समाप्त हुआ और इसके बाद सब जलपान की ओर पहुंचे। यहां पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के शब्द भाजपा जनप्रतिनिधियों के दिलों में हमेशा रहेंगे। वो जलपान स्थल की ओर जाने से पहले मुड़े और अधिकारियों से कहा कि पहले अपने मित्रों से मिल लूं। ये मित्र कोई और नहीं भाजपा के जनप्रतिनिधि थे। इनमें सांसद अतुल गर्ग,कैबिनेट मंत्री तथा



साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप मेयर सुनिता दयाल, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, एमएलसी दिनेश गोयल, एमएलसी श्रीचंद शर्मा मौजूद रहे। इसके बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जब आये तो यहां पर सबसे पहले उन्होंने सांसद अतुल गर्ग से हाथ मिलाया। उनका नाम लेकर उन्हें संबोधित किया और अतुल गर्ग से पूछा कि आपके क्या हाल हैं। इसके उपरांत अमित शाह ने अतुल गर्ग का हाथ थामे हुए ही उनसे कहा कि सबके खाने का ध्यान रखना। सूत्र बताते हैं कि ये वो पल था कि जब बिना कुछ कहे पता चल रहा था कि नाम से भी जानते हैं और शायद अतुल गर्ग की मेहमान नवाजी को भी पहचानते हैं। एक विशेष जिम्मेदारी उन्हें दी और कार्यक्रम में मौजूद और वहां इस पूरे सीन को देख रहे लोगों ने ये भी बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो बाद सांसद अतुल गर्ग का नाम लिया। पार्टी के वो राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं, केन्द्रीय गृह मंत्री हैं और प्रधानमंत्री के बाद नम्बर 2 की पॉजिशन के बड़े नेता माने जाते हैं। उनका ये व्यवहार और सांसद के बारे में भोजन वाली जानकारी सबको हैरान कर रही थी। बहरहाल यहां पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ये आत्मीय व्यवहार और सभी जनप्रतिनिधियों से मिलना एक अविस्मरणीय मुलाकात थी। ये मुलाकात अहसास करा रही थी कि भाजपा वास्तव में एक परिवार है।

# सपा नेता की टिप्पणी पर भड़की भाजपा

## गाजियाबाद में महिला कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट घेरा






### आक्रोश

**प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह और आक्रोश देखने को मिला**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी ने तूल पकड़ लिया है। इस मुद्दे को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद की महिला कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। भारी आक्रोश के बीच कार्यकर्ताओं ने सपा नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री के सम्मान में भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरीं। जिलाधिकारी कार्यालय पर हुए इस विरोध प्रदर्शन में महिलाओं ने समाजवादी पार्टी और उनके नेताओं के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के विरुद्ध अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना विपक्षी नेताओं की ओछी मानसिकता को दर्शाता है।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने तीखे स्वर में कहा कि प्रधानमंत्री का पद किसी एक दल का नहीं, बल्कि देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद है। उन्होंने कहा, 'विपक्ष का लगातार गिरता भाषा का स्तर उनके राजनीतिक दिवालियापन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री का अपमान देश का अपमान है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।'

### कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग

करंट क्राइम। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि सपा नेता अजेन्द्र सिंह लोधी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस प्रकार की बयानबाजी लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक मयार्दाओं का उल्लंघन है।

### पार्टी की चेतावनी

करंट क्राइम। मीडिया संयोजक नीरज शर्मा एवं करण शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि पार्टी राष्ट्र और संविधान की गरिमा के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह और आक्रोश देखने को मिला, जिन्होंने एक स्वर में प्रधानमंत्री के सम्मान की रक्षा करने की शपथ ली।

# आखिरकार हो ही गयी निगम कार्यकारिणी की बैठक की तिथि घोषित

## 16 मई को दोपहर 1 बजे होगी कार्यकारिणी कक्ष में बैठक




**दैनिक करंट क्राइम ने इस मुददे पर प्रमुखता से उठाया था। आखिरकार बैठक की तिथि फिक्स हो गयी है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निगम कार्यकारिणी बैठक को लेकर पार्षद लगातार मांग कर रहे थे। वो बैठक भी करचुके थे और ये भी कहा जा रहा था कि कार्यकारिणी बैठक के बिना कैसे प्रस्ताव पारित हो रहे हैं। कैसे विकास कार्य हो रहे हैं। बजट को लेकर सवाल उठ रहे थे। दैनिक करंट क्राइम ने इस मुददे पर प्रमुखता से उठाया था। आखिरकार कार्यकारिणी बैठक की तिथि फिक्स हो गयी है। सहसदन सचिव नगर निगम की ओर से कार्यकारिणी सदस्यों को 13 मई को पत्र जारी हो गया। इस पत्र में कहा गया है कि महापौर के कार्यालय पत्रांक का संज्ञान लें जो 13 मई 2026 के द्वारा निर्देशित किया गया है। पूर्व में 30 मार्च को कार्यकारिणी की विशेष बजट बैठक बुलाई गयी थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थिगित कर दी गयी थी। कार्यकारिणी की विशेष बजट बैठक अब 16 मई को होगी। शनिवार को ये बैठक नगर निगम दोपहर एक बजे बुलाये जाने के आदेश प्राप्त हो हुए हैं। बैठक का एजेन्डा पहले वाला ही रहेगा। पत्र में ये कहा गया है कि ये एजेन्डा निगम कार्यकारिणी सदस्यों को पहले ही भेजा जा चुका है। 16 मई को ये बैठक होगी। शनिवार की इस बैठक के बाद कई विषयों पर कार्यकारिणी की सहमति की मोहर लगेगी, कई प्रस्ताव पारित होंगे। कार्यकारिणी की बैठक लम्बे समय से नहीं हुई है और कार्यकारिणी की बैठक के बाद निगम की बोर्ड बैठक भी आयोजित होनी है। बोर्ड बैठक में विकास से जुड़े मुददे रखे जायेंगे।

फिलहाल निगम कार्यकारिणी की बैठक घोषित हो गयी है। कार्यकारिणी सदस्य इस बैठक को लेकर अपनी बैठक कर चुके हैं। मेयर को पत्र लिखने की बात थी और वो बैठक में देरी पर भी नाराजगी जता चुके हैं। अब ये बैठक शनिवार को होनी है। कार्यकारिणी के सदस्य बैठक के एजेन्डे से पहले ही परिचित हैं। वो अपनी अपनी तैयारियों के साथ इस बैठक में आयेंगे।

# अग्नि सुरक्षा को लेकर बड़ा एक्शन, दो बड़े आवासीय प्रोजेक्ट कोर्ट पहुंचे

## फायर विभाग की सख्ती, नोटिस के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्थाएं, अब न्यायालय के जरिए होगी कार्रवाई

### एक्शन

**इस अभियान का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति की जांच करना है**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच गाजियाबाद में अग्निकांड की घटनाओं की आशंका को देखते हुए



फायर विभाग ने बड़ा अभियान छेड़ दिया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद क्षेत्र में बहुमंजिला आवासीय और व्यावसायिक भवनों का व्यापक स्तर पर फायर ऑडिट और मॉक ड्रिल कराई जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक करना और भवनों में स्थापित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति की जांच करना है। सीएफओ राहुल पाल ने बताया है कि फायर विभाग की टीमों द्वारा विभिन्न सोसायटियों और बहुमंजिला भवनों में पहुंचकर फायर सेफ्टी सिस्टम, फायर अलार्म, स्प्रिंकलर सिस्टम, फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी एग्जिट और पानी की उपलब्धता जैसी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही वहां मौजूद लोगों को आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीके, प्राथमिक सुरक्षा उपाय और अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। अभियान के दौरान कई ऐसे भवन सामने आए जहां अग्निशमन सुरक्षा प्रणाली या तो पूरी तरह बंद मिली या मानकों के अनुरूप कार्यशील नहीं पाई गई। ऐसे भवन स्वामियों और प्रबंधन को विभाग की ओर से नोटिस जारी कर कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए थे।

### जारी किए गए नोटिस



करंट क्राइम : फायर विभाग के अनुसार कुछ भवन स्वामियों ने नोटिस मिलने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने में गंभीरता नहीं दिखाई। इसे लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ मानते हुए अब विभाग ने सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में 14 मई को गाजियाबाद जनपद न्यायालय में दो बड़े आवासीय प्रोजेक्टों के खिलाफ वाद दाखिल कराया गया है। इनमें एसवीपी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित गुलमोहर एनक्लेव, राकेश मार्ग, नेहरू नगर तृतीय, गाजियाबाद और सुपरटेक लिमिटेड द्वारा निर्मित सुपरटेक लिविंगस्टन, प्लॉट संख्या 06, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद शामिल हैं। फायर विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि जिन अन्य भवनों में अग्निशमन सुरक्षा प्रणाली मानकों के अनुरूप कार्यशील नहीं मिलेगी और नोटिस के बाद भी सुधार नहीं किया जाएगा, उनके खिलाफ भी न्यायालय के माध्यम से कठोर कार्रवाई कराई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ऐसे में बहुमंजिला भवनों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभाग का यह अभियान आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा ताकि किसी भी संभावित अग्निकांड से जनहानि और बड़े नुकसान को रोका जा सके।

# 5.51 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात का महापौर सुनीता दयाल ने किया शिलान्यास

## मिलक गांव में हर घर पहुंचेगा गंगाजल, पेयजल संकट से मिलेगी राहत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम द्वारा शहर के विकास को गति देते हुए करीब 5 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत से पेयजल, सड़क, नाला और पार्क सौंदर्यकरण समेत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि इन परियोजनाओं से शहर के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और मूलभूत सुविधाएं और मजबूत होंगी। महापौर ने विशेष रूप से वार्ड-16 स्थित मिलक गांव में पेयजल आपूर्ति परियोजना का शिलान्यास किया, जिसके तहत गांव में नई पानी की लाइन डाली जाएगी और 30 एचपी क्षमता के दो पंप स्थापित किए जाएंगे।

शेष, पृष्ठ 8

# एटीएम लूटकांड : फरार बदमाशों पर भी एक-एक लाख का इनाम, पुलिस ने कसा शिकंजा

गौरव शशि नारायण

## 48 घंटे डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे हेड कांस्टेबल संदीप मलिक

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में 27 लाख रुपये की कैश वैन लूट कांड के बाद पुलिस का ऑपरेशन लगातार तेज होता जा रहा है। इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस पहले ही मुठभेड़ में मिट्टी में



मिला चुकी है, जबकि दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब इस मामले में फरार चल रहे बदमाश शुऐब और फिरोज पर भी पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक गाजियाबाद क्राइम ब्रांच, स्थानीय पुलिस और कई विशेष टीमें लगातार पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बदायूं, बुलंदशहर समेत कई जिलों में ताबड़तोड़ दबिश दे रही हैं। पुलिस के बेहद करीबी सूत्रों का कहना है कि फरार दोनों बदमाशों के परिजन लगातार कोर्ट में सरेंडर कराने की संभावनाएं तलाश रहे हैं, लेकिन पुलिस ने उनके करीबियों और रिश्तेदारों पर भी निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि घोषित इनाम और लगातार दबिश के चलते दोनों फरार बदमाश जल्द कानून के शिकंजे में आ सकते हैं।

### एक्शन में पुलिस

**कई राज्यों में पुलिस ने डाली दबिश**

**टोल सुरक्षा, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस व्यवस्था पर भी उठे सवाल**

### बदमाशों ने तीन बार बदला बलेनो कार का लुक, पुलिस को चकमा देने के लिए अपनाए अलग-अलग तरीके

गाजियाबाद एटीएम लूट कांड में शामिल बदमाश पुलिस से बचने के लिए लगातार अपनी बलेनो कार का लुक बदलते रहे। पुलिस सूत्रों के अनुसार लूट के बाद आरोपियों ने सबसे पहले गाड़ी की नंबर प्लेट को ढक दिया था और कार के आगे झंडा लगा लिया था, ताकि रास्ते में चेकिंग के दौरान किसी को शक न हो। सूत्रों का कहना है कि बदमाश बेहद शातिर तरीके से पुलिस की निगरानी और सीसीटीवी कैमरों से बचने की कोशिश कर रहे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद जब उन्होंने कार को पार्किंग में खड़ा किया तो उस पर एडवोकेट का स्टीकर भी चिपका दिया। माना जा रहा है कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि पुलिस और आम लोग गाड़ी को किसी वकील की गाड़ी समझकर नजरअंदाज कर दें। जांच में सामने आया है कि बदमाश लगातार गाड़ी की पहचान बदलकर पुलिस को भ्रमित करना चाहते थे। हालांकि सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सर्विलांस और पुलिस की लगातार मॉनिटरिंग के चलते आरोपियों की गतिविधियां ट्रैक होती रहीं। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि अपराधियों ने वारदात से पहले पूरी प्लानिंग की थी और गाड़ी के अलग-अलग रूप तैयार किए थे, लेकिन अंततः पुलिस जांच के आगे उनकी चालाकी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी।



2 लूट के बाद कार में लगा दिया झंडा
3 पुलिस से बचने को लगाया अधिवक्ता वाला स्टीकर
1 लूट के लिए इसी कार का हुआ इस्तेमाल

### घायल हेड कांस्टेबल संदीप मलिक की हालत स्थिर



करंट क्राइम : इस पूरी मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम के कई जवान घायल हुए थे। इनमें सबसे गंभीर रूप से घायल हेड कांस्टेबल संदीप मलिक का उपचार गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल सूत्रों और पुलिस अधिकारियों के अनुसार संदीप मलिक को अभी 48 घंटे तक डॉक्टरों की विशेष निगरानी में रखा जाएगा। बताया गया है कि मुठभेड़ के दौरान उनके पेट में गोली फंस गई थी, जिसके बाद उनकी हालत बेहद गंभीर हो गई थी और उन्हें वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। चिकित्सकों ने तत्काल ऑपरेशन कर गोली निकाली। अब उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है, लेकिन डॉक्टर अभी भी पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। पुलिस विभाग में संदीप मलिक के साहस और बहादुरी की चर्चा जोरों पर है। वरिष्ठ अधिकारी लगातार अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल ले रहे हैं।

### टोल सुरक्षा और ट्रैफिक पुलिस की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

करंट क्राइम : इस हाईप्रोफाइल लूट कांड ने सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था ही नहीं बल्कि टोल प्लाजा, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 6 मई को 27 लाख रुपये की कैश वैन लूट को अंजाम देने के बाद बदमाश काली फिल्म लगी बलेनो कार से फरार हुए थे। यह कार भोजपुर थानाक्षेत्र के एक टोल प्लाजा से तेजी से गुजरी थी। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने टोल का बैरियर तक तोड़ दिया था, लेकिन इसके बावजूद टोल कर्मचारियों ने तत्काल पुलिस को कोई सूचना नहीं दी। बाद में जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पूरी घटना सामने आई। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने टोल मैनेजर और कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। वहीं इतना ही नहीं, वारदात के तुरंत बाद कंट्रोल रूम से अलर्ट जारी होने के बावजूद रास्तों पर न तो ट्रैफिक पुलिस ने कोई प्रभावी चेकिंग की और न ही स्थानीय पुलिस बदमाशों की गाड़ी को रोक पाई। इसे लेकर पुलिस महकमे के भीतर भी नाराजगी बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार जिन रूटों से बदमाश फरार हुए थे, वहां तैनात बीट पुलिसकर्मियों और संबंधित स्टाफ की भूमिका की भी समीक्षा की जा रही है। आने वाले दिनों में इस मामले में विभागीय कार्रवाई संभव मानी जा रही है।

### अब तक छह आरोपी चिन्हित, दो बदमाश ढेर

करंट क्राइम : पुलिस जांच में अब तक इस लूट कांड में छह आरोपियों की पहचान हो चुकी है। इनमें दो एलएलबी छात्र पहले ही गिरफ्तार होकर जेल भेजे जा चुके हैं। वहीं समीर और जुबेर पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। अब पूरे मामले में पुलिस की नजर फरार शोएब और फिरोज पर टिकी हुई है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का पदार्फाश किया जाएगा।

15 May -26 page 4 14-05-2026 9:52 PM Page 1



## संपादकीय

# सोने पर बढ़ी सख्ती

भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट का फिलहाल कोई स्थायी हल नजर नहीं आने के मद्देनजर भारत में इसके प्रभाव को कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों पर अमल शुरू हो गया है। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री की ओर से हाल में जनता से किए गए आग्रह के बाद सोने-चांदी पर आयात शुल्क छह फीसद से बढ़ाकर पंद्रह फीसद कर देने की घोषणा से की गई। इसके बाद इन कीमती धातुओं के दाम में बुधवार को भारी उछाल आया। सरकार का कहना है कि संकट के समय गैर-जरूरी वस्तुओं के आयात से विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ रहे दबाव को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। दरअसल, भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। हालांकि, आभूषण कारोबारी सरकार के इस कदम से निराश हैं, लेकिन यह भी सच है कि समय रहते समुचित उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में जो जटिल परिस्थितियां पैदा होंगी, उनका सबसे ज्यादा असर आम आदमी पर ही पड़ेगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की जनता से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, भोजन पकाने के तेल के इस्तेमाल में कमी लाने और सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपाय अपनाने का आह्वान किया था। संदेश स्पष्ट था कि देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, जिसे कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों की ओर बढ़ना होगा। इसमें दोराय नहीं है कि किसी भी बड़े संकट से निपटने के लिए आम नागरिकों की भी अहम भूमिका होती है। जन भागीदारी के बिना न तो कोई योजना सफल हो पाती है और न ही संकट के दौरान आवश्यक उपायों का व्यापक स्तर पर सार्थक परिणाम सामने आता है। सोने-चांदी की खरीद नागरिकों की मूलभूत जरूरतों से परे है और इसे कुछ समय के लिए सीमित कर देने से अगर विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कुछ कम हो जाए, तो यह एक सार्थक पहल साबित हो सकती है। सरकार के इस कदम का एक पहलू यह भी है कि इससे सोने-चांदी की कालाबाजारी और तस्करी बढ़ने की आशंका है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर निगरानी और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। जमीनी और तटीय घुसपैठ मार्गों, संगठित तंत्र और वितरण केंद्रों के रूप में काम करने वाले कारोबारियों पर नियमित नजर रखनी होगी। इससे संकट के समय गैर-जरूरी आयात में संतुलित कमी के जरिए समग्र आर्थिक स्थिरता और बाह्य क्षेत्र के विवेकपूर्ण प्रबंधन में महत्त्वपूर्ण मदद मिल सकती है।

# तेजी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 789.74 अंक या 1.06 प्रतिशत बढ़कर 75,398.72 पर बंद हुआ। सूचकांक की शुरूआत तेजी से हुई, लेकिन सुबह के कारोबार के अंत तक यह नकारात्मक दायरे में फिसल गया। हालांकि, दूरसंचार और बैंकिंग शेयरों में मूल्य सूचक की खरीदारी ने नुकसान को कम करने में मदद की और बाद में यह 1,000 से अधिक अंक बढ़कर 75,681.88 के उच्च स्तर पर पहुंच गया। लगातार दूसरे दिन बढ़त जारी रखते हुए, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 277 अंक या 1.18 प्रतिशत चढ़कर 23,689.60 पर बंद हुआ।

रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर आया मजबूत डॉलर और ऊर्जा की ऊंची कीमतों के बीच मुद्रास्फीति की चिंताओं के कारण गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले और कमजोर होकर 95.73 (अस्थायी) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया।

दूसरी ओर, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स कंपनियों में, भारती एयरटेल सबसे बड़ी लाभ कमाने वाली कंपनी के रूप में उभरी, जिसके शेयरों में 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई, क्योंकि दूरसंचार कंपनी का वार्षिक राजस्व पहली बार 2 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। एटरनल के शेयरों में 3.32 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एचडीएफसी बैंक के शेयरों में 2.67 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जिससे सेंसेक्स में हुई इस बढ़त में एटरनल का प्रमुख योगदान रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अन्य लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल थे।

## भारतनेट के तहत आंध्र प्रदेश को केंद्र से 2,432 करोड़ की मदद

# गुजरात में 20% बढ़ा नारियल उत्पादन



**नई दिल्ली।** डिजिटल भारत निधि के तहत केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश को 2432 करोड़ की सहायता राशि देगी। राज्य सरकार के साथ संशोधित भारतनेट कार्यक्रम का समझौता किया गया है। इसके तहत केंद्र से 2,432 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी बढ़ाना है। इससे पांच लाख से अधिक ग्रामीण घरों को फाइबर कनेक्शन मिलेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4 अगस्त 2023 को इस कार्यक्रम को मंजूरी दी थी।

### टाटा मोटर्स का शुद्ध लाभ 34 फीसदी बढ़ा

वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली टाटा मोटर्स का 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 33.8 फीसदी बढ़कर 1,793 करोड़ पहुंच गया। इस अवधि में कंपनी ने 1.32 लाख वाहनों की थोक बिक्री की, जो सालाना आधार पर 25 फीसदी अधिक है। कंपनी के बोर्ड ने 4 रुपये प्रति शेयर लाभांश देने की सिफारिश की है।

### भारती एयरटेल के मुनाफे में 33.5 फीसदी गिरावट

टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 33.5 फीसदी घटकर 7,325 करोड़ रह गया। ग्राहक आधार में वृद्धि के कारण कंपनी का भारत मोबाइल राजस्व 8.3 फीसदी बढ़ गया। इस दौरान कंपनी का प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व 245 रुपये से बढ़कर 257 रुपये पहुंच गया।

### पीएफसी को 8,598 करोड़ रुपये का फायदा

सरकारी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) का मार्च, 2026 तिमाही में शुद्ध लाभ 3 फीसदी बढ़कर 8,598 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की कुल ब्याज आय 11 फीसदी घटकर 10,833 करोड़ रुपये रही, जबकि लोन 7 फीसदी बढ़ा है।

**गुजरात में नारियल उत्पादन 20 प्रतिशत बढ़ा :** गुजरात में पिछले दो वर्षों में कच्चे नारियल के उत्पादन में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य के बागवानी विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब इसका कुल वार्षिक उत्पादन लगभग 26 करोड़ नारियल होने का अनुमान है।

## भारत ने चीनी के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई, फैसला सितंबर तक रहेगा प्रभावी



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने तत्काल प्रभाव से चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। निर्यात पर यह रोक 30 सितंबर या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। सरकार ने यह कदम देश में चीनी की उपलब्धता बनाए रखने और इसकी कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उठाया है।


### भारत से चीनी निर्यात पर प्रतिबंध क्यों?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार, यह प्रतिबंध कच्ची, सफेद और परिष्कृत चीनी पर लागू होता है। सरकार ने नीति में बदलाव करते हुए चीनी को निषिद्ध श्रेणी में रख दिया है। सरकार ने कहा कि यह प्रतिबंध मौजूदा टैरिफ-दर कोटा और व्यवस्थाओं के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को चीनी निर्यात पर लागू नहीं होगा।

### खरीदारों को अधिक शिपमेंट भेजने का अवसर

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने स्थानीय कीमतों को नियंत्रित करने के लिए चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है। सरकार का यह कदम वैश्विक सफेद और कच्ची चीनी की कीमतों को सहारा दे सकता है। इससे ब्राजील और थाईलैंड जैसे प्रतिद्वंद्वी उत्पादकों को एशियाई और अफ्रीकी खरीदारों को अधिक शिपमेंट भेजने का अवसर मिलेगा। भारत, ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा चीनी निर्यातक है।

## कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से दबाव, अप्रैल में 8.3 प्रतिशत पर पहुंची थोक महंगाई दर




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में भारी उछाल दर्ज किया गया है।

### अप्रैल में महंगाई का कारण

मार्च महीने में थोक महंगाई दर 3.88 प्रतिशत के स्तर पर थी, जो अप्रैल में तेजी से बढ़कर 8.30 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इस जबरदस्त वृद्धि के पीछे मुख्य कारण ईंधन, बिजली और कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में आई बेतहाशा तेजी है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, अप्रैल 2026 में महंगाई की यह सकारात्मक दर मुख्य रूप से खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, बुनियादी धातुओं, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण है।

**ईंधन और बिजली:** इस क्षेत्र में महंगाई दर मार्च के 1.05 प्रतिशत से उछलकर अप्रैल में 24.71 प्रतिशत हो गई है।

### वैश्विक संकट और आपूर्ति शृंखला में बाधा


थोक महंगाई में आया यह तेज उछाल सीधे तौर पर पश्चिम एशिया में चल रहे संकट को दर्शाता है। इसके साथ ही, होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी नाकेबंदी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। यह जलमार्ग भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत अपने आयातित कच्चे तेल का अधिकांश हिस्सा इसी मार्ग से प्राप्त करता है।

### सरकार का रुख और आगे का आउटलुक

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत तक का भारी उछाल देखा गया है। हालांकि, इसके बावजूद भारत सरकार ने अब तक आम परिवारों को राहत देने के लिए पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी सिलेंडर की खुदरा कीमतों को स्थिर रखा है। खुदरा उपभोक्ताओं को महंगाई की सीधी मार से बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है, लेकिन दूसरी ओर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। आगे देखना महत्वपूर्ण होगा कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति शृंखला में बाधाएं कब तक बनी रहती हैं और सरकार इस दबाव को कितने समय तक प्रबंधित कर पाती है।

**कच्चा पेट्रोलियम:** कच्चे पेट्रोलियम की महंगाई दर पिछले महीने के 51.5 प्रतिशत के मुकाबले अप्रैल में 88.06 प्रतिशत तक पहुंच गई।

## रोचक तथ्यों का करंट



- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइबर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## आरबीआई इस साल दे सकता है अपना सबसे बड़ा डिविडेंड, अमेरिका में थोक महंगाई ने तोड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत सरकार के लिए एक बेहद राहत भरी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस साल केंद्र सरकार को अब तक का सबसे बड़ा लाभांश (डिविडेंड) सौंपने की तैयारी कर रहा है। यह भारी-भरकम भुगतान सरकार को एक मजबूत राजकोषीय कुशन (वित्तीय सहारा) प्रदान करेगा, जिससे वैश्विक संकटों से उत्पन्न होने वाली आर्थिक चुनौतियों का डटकर सामना किया जा सकेगा।

इस महीने होने वाली अपनी महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक में रिजर्व बैंक इस लाभांश की अंतिम राशि पर मुहर लगाएगा। सूत्रों के हवाले से यह स्पष्ट हुआ है कि यह रकम ऐतिहासिक होने वाली है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी आरबीआई ने 2024-25 के लिए केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड डिविडेंड दिया था, जो कि उससे पिछले वर्ष ट्रांसफर किए गए 2.11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक था। इस बार यह आंकड़ा और भी ऊंचे स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है, जो सरकारी खजाने को बड़ी मजबूती देगा। अमेरिका में थोक महंगाई ने तोड़ा रिकॉर्ड, कंपनियों पर बढ़ा दाम बढ़ाने का दबाव अमेरिका में थोक महंगाई ने पिछले महीने रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

बिहारी ससुर अपने दामाद को पटियाला पैग पकड़ाते हुए भोजूपरी में कहा...
ससुर- बेटा, पियत हो का...
दामाद- आज सुबह से श्री गणेश किया हूं...
इसे खत्म कर लेते हैं...फिर अपनी वाली निकालता हूं...
ससुर बहोश...

---

पति- क्या देख रही हो?
पत्नी- कुकिंग शो।
पति- दिन भर कुकिंग शो देखा करती हो, खाना बनाना तो फिर भी नहीं आया तुम्हें।
पत्नी- आप भी तो कौन बनेगा करोड़पति देखते रहते हैं, तो कौन सा करोड़पति बन गए।

---

डॉक्टर - तुम्हें आराम की जरूरत है, ये लो नींद की गोली।
मरीज -लेकिन डॉक्टर साहब, इसे कब लेना है?
डॉक्टर - अपनी पत्नी को खिला देना

## 15 05 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



माधुरी दीक्षित (अभिनेत्री)

अनमोल तंवर | अब्दुल्ला सैफी | अबुजर सैफी | हरीश कुमार (करंट क्राइम)

मास्टर जितेन्द्र सैंन | संदीप वर्मा | डॉ. मुर्शरफ बेग | जितेन्द्र शर्मा | राजू त्यागी | धर्मेन्द्र शर्मा

गौरव शर्मा भारद्वाज | लक्ष्मी सिंह | मोहित नम्बरदार | राजीव शर्मा | रोहन कश्यप | संतोष दीक्षित

वरूण दहिया | यश पांचाल | आकाश यादव | नारायण सिंह वत्स | प्रदीप कुमार सिंह | शिवा ववालकर

अनिल कुमार बघेल | धर्मपाल | नितिन गुप्ता | राजकुमार | कुंदन कमल | रमेश शर्मा

**सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।**
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पीआर श्रीजेश का अनुबंध नहीं बढ़ाए जाने पर विवाद

## खिलाड़ियों में असंतोष की चर्चा, हॉकी इंडिया ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी दिग्गज पीआर श्रीजेश का जूनियर टीम कोच पद से कार्यकाल खत्म होने के बाद उन्हें दोबारा मौका नहीं मिला, जिस पर विवाद खड़ा हो गया है।

भारतीय हॉकी के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश का जूनियर पुरुष टीम के कोच पद से कार्यकाल खत्म होना अब विवाद का विषय बन गया है। महज 17 महीने के कार्यकाल के बाद उनका अनुबंध समाप्त हो गया और हॉकी इंडिया ने उसे आगे नहीं बढ़ाया। इसके बाद फ्रांस के अनुभवी कोच फ्रेडरिक सोयेज को जूनियर टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

**जूनियर विश्व कप में दिलाया था पदक:** श्रीजेश ने अपने छोटे कार्यकाल में भारत को जूनियर विश्व कप 2025 में कांस्य पदक दिलाया था। चेन्नई और मदुरै में खेले गए इस टूनार्मेंट में टीम के प्रदर्शन की काफी सराहना हुई थी। इसके अलावा उनके कार्यकाल में भारतीय जूनियर टीम ने पांच टूनार्मेंट में पांच पदक जीते। हालांकि, अनुबंध खत्म होने के बाद जब उन्होंने दोबारा आवेदन किया, तब भी हॉकी इंडिया ने उन्हें दोबारा मौका नहीं दिया।



**सोशल मीडिया पर जताई नाराजगी:** श्रीजेश ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए संकेत दिया कि उन्हें हटाने का फैसला विदेशी कोच को जगह देने के लिए लिया गया। उन्होंने दावा किया कि सीनियर टीम के मुख्य कोच क्रैग फुल्टन की मांग पर जूनियर टीम के लिए विदेशी कोच नियुक्त किया गया। हालांकि, हॉकी इंडिया ने इस आरोप को पूरी तरह खारिज किया है।

**खिलाड़ियों में असंतोष की भी चर्चा:** मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार, जूनियर टीम के कुछ खिलाड़ी श्रीजेश की कार्यशैली से पूरी तरह संतुष्ट नहीं थे। एक सूत्र ने बताया कि, कैंप के बाहर खिलाड़ियों को जरूरत पड़ने पर उनसे संपर्क करने में दिक्कत होती थी। हालांकि, दूसरे सूत्र ने इस दावे को गलत बताते हुए कहा कि श्रीजेश हमेशा खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध रहते थे और उनका रिकॉर्ड खुद इसकी गवाही देता है। उन्होंने कहा, 'हमने पूरी प्रक्रिया के तहत आवेदन मांगे थे। श्रीजेश ने भी आवेदन किया था, लेकिन चयन मेरिट के आधार पर किया गया।' टिर्की ने यह भी बताया कि हॉकी इंडिया ने श्रीजेश को डेवलपमेंट प्रोग्राम, इंडिया ए टीम और राष्ट्रीय स्तर पर गोलकीपर मेंटर की भूमिका देने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया।

**2036 ओलंपिक विजन का हवाला:** हॉकी इंडिया का कहना है कि यह फैसला भारत के 2036 ओलंपिक विजन को ध्यान में रखकर लिया गया। संघ के मुताबिक वह लंबे समय के लिए एक मजबूत हाई-परफॉर्मेंस सिस्टम तैयार करना चाहता है।

# 'पुरानी पीढ़ी अब भी सबसे बेस्ट है', विराट के शतक पर गावस्कर ने दिया बड़ा बयान

**रायपुर।** सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की केकेआर के खिलाफ नाबाद 105 रन की पारी की जमकर तारीफ की है। गावस्कर ने कहा कि जब सब लोग नई पीढ़ी की बात कर रहे थे, तब विराट ने दिखा दिया कि पुरानी पीढ़ी अब भी सबसे बेहतरीन है। उन्होंने यह भी कहा कि विराट जैसे खिलाड़ी हर गलती की कीमत वसूलते हैं।


विराट कोहली ने रायपुर में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 60 गेंदों में नाबाद 105 रन बनाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से जीत दिलाई। 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट ने एक बार फिर साबित किया कि रन चेज में उनसे बेहतर बहुत कम बल्लेबाज हैं। इस जीत के साथ आरसीबी फिर से अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। विराट का यह आईपीएल करियर का नौवां और कुल टी20 करियर का 10वां शतक था।


### गावस्कर बोले- पुरानी पीढ़ी अब भी सबसे बेस्ट

विराट की पारी से प्रभावित गावस्कर ने कहा, 'जब हर कोई कह रहा था कि यह नई पीढ़ी का सीजन है, तब विराट कोहली ने दिखा दिया कि वह अब भी यहां हैं। उन्होंने शतक लगाकर आलोचकों को चुप करा दिया। उन्होंने साबित कर दिया कि पुरानी पीढ़ी अब भी सबसे बेस्ट है।' उन्होंने आगे कहा, 'युवा खिलाड़ी सुर्खियां बटोर रहे हैं, लेकिन अनुभवी दिग्गज अभी खत्म नहीं हुए हैं। विराट का यह शतक उनकी महानता की याद दिलाने वाला खास पल था।'

### रिकॉर्ड्स की बराबरी करना आसान नहीं

गावस्कर ने विराट के आंकड़ों पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'रिकॉर्ड टूटने के लिए होते हैं, लेकिन विराट जो लगातार मैच दर मैच और सीजन दर सीजन कर रहे हैं, उसकी बराबरी करने में किसी को बहुत लंबा समय लगेगा।' विराट अब टी20 क्रिकेट में 14,000 रन सबसे तेज पूरे करने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं और आईपीएल में सबसे ज्यादा नौ शतक उनके नाम हैं।





**केकेआर की एक गलती पड़ी भारी**

गावस्कर ने मैच के अहम मोड़ का जिक्र करते हुए कहा कि रोवमन पॉवेल ने विराट का कैच छोड़ दिया, जिसका केकेआर को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, 'आप विराट कोहली का आसान मौका नहीं छोड़ सकते। अगर उन्हें शुरूआत में जीवनदान मिला, तो वह हर बार इसकी कीमत वसूलते हैं। उन्होंने शतक लगाकर ङङफको उस गलती का पछतावा करा दिया।' गावस्कर ने विराट की मानसिकता की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'महान खिलाड़ी आपको दूसरा मौका नहीं देते। वे आपकी गलती को सजा में बदल देते हैं और मैच पलट देते हैं।' विराट कोहली की यह पारी सिर्फ शतक नहीं थी, बल्कि अनुभव और क्लास का प्रदर्शन थी।

# त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीम घोषित, वैभव सूर्यवंशी को मिला मौका



### त्रिकोणीय सीरीज का कार्यक्रम

| तारीख | मैच |
|---|---|
| 09 जून | भारत ए बनाम श्रीलंका ए |
| 11 जून | भारत ए बनाम अफगानिस्तान ए |
| 13 जून | अफगानिस्तान ए बनाम श्रीलंका ए |
| 15 जून | भारत ए बनाम श्रीलंका ए |
| 17 जून | भारत ए बनाम अफगानिस्तान ए |
| 19 जून | अफगानिस्तान ए बनाम श्रीलंका ए |
| 21 जून | त्रिकोणीय सीरीज फाइनल |

### सीरीज का कार्यक्रम

भारत, श्रीलंका और अफगानिस्तान ए के बीच होने वाली ये त्रिकोणीय सीरीज आईपीएल 2026 के बाद खेली जाएगी। इसका पहला मुकाबला नौ जून को भारत और श्रीलंका की ए टीमों के बीच खेला जाएगा, जबकि भारत का दूसरा मुकाबला 11 जून को अफगानिस्तान से होगा। तीनों ही टीमें कुल चार-चार मुकाबले खेलेंगी और जो दो टीमें सबसे ज्यादा मैच जीतेंगी उनके बीच 21 जून को त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मैच खेला जाएगा।

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीम का एलान कर दिया है। इस सीरीज के लिए वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने श्रीलंका और अफगानिस्तान के साथ होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीम का एलान कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस सीरीज के लिए वैभव सूर्यवंशी को भी मौका मिला है जो पहली बार इंडिया ए स्क्वाड का हिस्सा होंगे। भारत ए इस सीरीज में तिलक वर्मा की कप्तानी में खेलने उतरेगा।

### श्रीलंका ए से सीरीज भी खेलेगा भारत ए

पुरुष चयन समिति ने श्रीलंका में जून में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीम का चयन किया है। इस सीरीज में भारत के अलावा श्रीलंका और अफगानिस्तान की ए टीम हिस्सा लेगी। इसके अलावा भारत ए श्रीलंका ए के खिलाफ दो बहु-दिवसीय मैच भी खेलेगा जिसके लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। सफेद गेंद की सीरीज के मुकाबले दांबुला में होंगे, जबकि लाल गेंद वाले मुकाबलों की मेजबानी गॉल करेगा।

त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीमः तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्या, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उपकप्तान), आयुष बदोनी, निशांत सिंद्धू, हर्ष दुबे, सुर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विपराज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान।

# थाईलैंड ओपन में भारत का जलवा, सिंधू और सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक।** पीवी सिंधू और भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सिंधु ने डेनमार्क की अमाली शुल्ज को सीधे गेम में हराया, जबकि सतविक-चिराग ने मलेशियाई जोड़ी को मात दी।





दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने महिला एकल प्री-क्वार्टरफाइनल में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को 21-13, 21-15 से हराया।

यह मुकाबला सिर्फ 28 मिनट चला और सिंधू ने शुरूआत से अंत तक दबदबा बनाए रखा। इससे पहले सिंधू ने पहले दौर में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-तोंग को 21-9, 21-12 से हराया था। अब क्वार्टरफाइनल में उनका सामना जापान की मौजूदा विश्व चैंपियन अकाने यामागूची से होगा। दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक 28 मुकाबले हुए हैं, जिनमें सिंधू 15-13 से आगे हैं।

**सात्विक-चिराग की जोड़ी फिर चमकी:** भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाइराज रैंकीरेड्डी ने मलयेशिया के ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मोहम्मद हैकाल को 21-12, 21-19 से हराया। यह दोनों जोड़ियों की पहली भिड़ंत थी, जिसमें भारतीय जोड़ी ने शानदार तालमेल दिखाया। अब क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला जापान की ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी की जोड़ी से होगा। सात्विक-चिराग इस टूनार्मेंट के शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं और इससे पहले 2019 और 2024 में खिताब जीत चुके हैं। दिन में आगे लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, मालविका बंसोड़ और देविका सिहाग अपने मुकाबले खेलने उतरेंगे।

# बुमराह को 'चुमराह' बोलने पर घिरे वीरेंद्र सहवाग

**रायपुर।** वीरेंद्र सहवाग लाइव चर्चा के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को गलती से 'चुमराह' बोल बैठे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया गया। वीडियो तेजी से वायरल हो गया और फैंस ने नाराजगी जताई। दूसरी ओर, बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाज रैंकिंग में नंबर-एक स्थान पर कायम हैं।

वीरेंद्र सहवाग का एक विवादित वीडियो वायरल हो गया है, जिससे वह चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के मुकाबले से पहले 'क्रिकबज शो' में मुंबई की गेंदबाजी पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने जसप्रीत बुमराह का नाम लेते समय गलती से 'चुमराह' कह दिया। हालांकि, सहवाग ने तुरंत अपनी गलती सुधार ली, लेकिन तब तक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका था।





**सोशल मीडिया पर फैंस का गुस्सा**

वीडियो सामने आने के बाद कई फैंस ने नाराजगी जताई। कुछ लोगों ने इसे मजाक माना, जबकि कई यूजर्स ने सहवाग की आलोचना की। एक यूजर ने लिखा, 'सहवाग बुमराह से इतनी नफरत क्यों करते हैं?' कुछ फैंस ने कहा कि इतने बड़े खिलाड़ी के लिए साथी क्रिकेटर का नाम गलत लेना ठीक नहीं है। वहीं कुछ लोगों ने इसे सामान्य जुबान फिसलना बताया।

**बुमराह मैदान पर दे रहे जवाब**

सोशल मीडिया विवाद से अलग जसप्रीत बुमराह अपने प्रदर्शन से लगातार जवाब दे रहे हैं। आईसीसी द्वारा जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में वह 879 अंकों के साथ दुनिया के नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। भारत की ओर से अगला नाम मोहम्मद सिराज का है, जो 12वें स्थान पर हैं। वहीं रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं।

**बल्लेबाजों में भारत की मौजूदगी**

आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में जो रूट 880 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल आठवें और शुभमन गिल नौवें स्थान पर हैं। गिल ने एक स्थान की छलांग लगाई है, जबकि जायसवाल लगातार टॉप-10 में बने हुए हैं। सहवाग की जुबान फिसलने वाली घटना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई, लेकिन जसप्रीत बुमराह का फोकस अब भी खेल पर है। वह टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बने हुए हैं, जो बताता है कि असली जवाब मैदान पर मिलता है।

# खराब फील्डिंग पर फूटा केकेआर के मुख्य कोच नायर का गुस्सा

## कोहली का कैच छूटने पर जताई नाराजगी

**रायपुर।** केकेआर को आरसीबी के खिलाफ मिली हार के बाद टीम के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने स्वीकार किया कि केकेआर को कोहली का कैच छोड़ना भारी पड़ा। आरसीबी की जीत में कोहली का योगदान सबसे अहम रहा जिन्होंने नाबाद शतकीय पारी खेली।

### केकेआर के खिलाफ गरजा कोहली का बल्ला

पिछली दो पारियों में शून्य पर आउट हुए कोहली केकेआर के खिलाफ शुरूआत से ही अच्छी लय में दिखाई दिए। हालांकि, जब कोहली 21 के स्कोर पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तो केकेआर के खिलाड़ी रोवमैन पॉवेल ने कोहली का कैच छोड़ दिया था, जो टीम को काफी महंगा पड़ा। केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायक ने कहा, जब आप विराट कोहली का कैच ड्रॉप करते हैं, खासकर रनों का पीछा करने के दौरान, तो यह बहुत मुश्किल हो जाता है। बहुत सी चीजें हैं जो बेहतर हो सकती थीं। विराट का कैच बहुत मुश्किल था।



नायर ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गैरमौजूदगी की ओर भी इशारा किया, जिससे बीच के ओवरों में एक बड़ा खालीपन आ गया। उन्होंने कहा, अगर हमारे पास और 10-15 रन होते, तो शायद गेम बदल जाता। अगर वे कैच लिए जाते, तो शायद गेम बदल जाता। वरुण चक्रवर्ती खेलते, तो शायद गेम बदल सकता था।

### केकेआर के बल्लेबाजों ने किया बेहतर प्रदर्शन

केकेआर के बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा। अंगकृष रघुवंशी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों में 71 रनों की दमदार पारी खेली, तो रिंकू सिंह ने 29 गेंदों में 49 रनों का योगदान दिया। नायर ने कहा, पिच शुरू से आखिरी तक अच्छी थी। जब भी थोड़ी बारिश होती है, तो पहले कुछ ओवर में आप उम्मीद करते हैं कि गेंद स्विंग करेगी और थोड़ी सीम करेगी, जो हुआ, लेकिन मुझे फिर भी लगा कि हमने बोर्ड पर काफी रन बना लिए हैं, क्योंकि बीच में जब हमने यह चर्चा की, तो हमें लगा कि 180-200 के बीच कहीं भी अच्छा स्कोर होगा।



# आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए बढ़ाए मजबूत कदम, केकेआर के अभियान को लगा झटका

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का लीग चरण अब खत्म होने को है और प्लेऑफ की दौड़ काफी रोमांचक होती जा रही है। आरसीबी और गुजरात शीर्ष दो में है और अगले दौर में पहुंचने के लिए इन्होंने दावा बेहद मजबूत कर लिया है।

गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर जीत के साथ ही प्लेऑफ में जाने के लिए एक कदम और आगे बढ़ा लिए हैं। आरसीबी की टीम अभी आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी है, लेकिन उसने अपनी संभावनाएं बेहद मजबूत कर ली हैं। दूसरी ओर, केकेआर के पहले ही अंतिम चार में रहने की उम्मीद कम थी और अब एक और हार से उसके अभियान को झटका लगा है।

### आरसीबी फिर शीर्ष पर

समीकरण जानने से पहले आइए जानते हैं कि आईपीएल 2026 के 57वें मैच के बाद अंक तालिका की स्थिति क्या है। केकेआर पर जीत के साथ ही आरसीबी अंक तालिका में एक बार फिर पहले स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी की यह इस सीजन की आठवीं जीत रही और अब टीम के 12 मुकाबलों में 16 अंक हो गए हैं। आरसीबी की जीत से गुजरात टाइटंस का नुकसान हुआ है और वह दूसरे नंबर पर खिसक गई है। हालांकि गुजरात के भी आरसीबी के बराबर 16 अंक हैं, लेकिन आरसीबी (+1.053) का नेट रन रेट गुजरात टाइटंस (+0.551) से बेहतर है।



आठवें नंबर पर मौजूद केकेआर

सनराइजर्स हैदराबाद 12 मुकाबलों में 14 अंक के साथ तीसरे नंबर पर काबिज है। वहीं, पंजाब किंग्स 11 मुकाबलों में 13 अंक लेकर चौथे नंबर पर मौजूद है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) 11 मुकाबलों में 12 अंक के साथ पांचवें और राजस्थान रॉयल्स इतने ही मुकाबलों में 12 अंक के साथ छठे नंबर पर हैं। दिल्ली कैपिटल्स 12 मुकाबलों में 10 अंक अर्जित करने के साथ अंक तालिका में सातवें नंबर पर काबिज है। वहीं, आरसीबी के खिलाफ मिली हार से कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेऑफ की राह मुश्किल हो गई है, हालांकि हार के बावजूद केकेआर 11 मुकाबलों में नौ अंक के साथ आठवें नंबर पर ही बनी हुई है। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं।

### आरसीबी-गुजरात का दावा मजबूत

प्लेऑफ में पहुंचने के लिए आरसीबी और गुजरात का दावा बेहद मजबूत है क्योंकि इन दोनों टीमों के 16-16 अंक हो गए हैं।

आमतौर पर 16 अंक लेने वाली टीम आसानी से प्लेऑफ में पहुंचती हैं, लेकिन इस बार कई टीमों के बीच अंतर कम है, इसलिए अभी तक कोई टीम आधिकारिक रूप से प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी है। मौजूदा स्थिति में हैदराबाद और पंजाब भी शीर्ष चार में बने रहने की दौड़ में आगे हैं। लेकिन दोनों ही टीमों को पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। सीएसके और राजस्थान भी दौड़ में शामिल हैं, लेकिन उन्हें अपना दावा मजबूत करने के लिए शेष मुकाबले जीतने होंगे।

### ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़

कोहली केकेआर के खिलाफ शतकीय पारी की बदौलत ऑरेंज कैप की दौड़ में अब अभिषेक शर्मा से आगे निकल गए हैं। विराट कोहली आईपीएल 2026 में खेले 12 मुकाबलों में अब तक 165 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 484 रन बना चुके हैं। कोहली इस सीजन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अब तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। ऑरेंज कैप पर सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन का कब्जा बरकरार है। क्लासेन ने इस सीजन 12 मुकाबलों में अब तक 153 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 508 रन बनाए हैं। वहीं, गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन 12 मुकाबलों में 501 रनों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

पर्पल कैप आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के सिर की शोभा बढ़ा रही है। भुवनेश्वर 12 मुकाबलों में अब तक 22 विकेट निकाल चुके हैं। केकेआर के खिलाफ उन्होंने चार ओवर में 34 रन देकर एक विकेट चटकाया। भुवनेश्वर को गुजरात टाइटंस के गेंदबाज कगिसो रबाडा से कड़ी टक्कर मिल रही है। रबाडा 12 मुकाबलों में 21 विकेट झटक चुके हैं। वहीं, चेन्नई सुपरकिंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज 11 मुकाबलों में 19 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

# सुपर शतरंज क्लासिक के पहले मैच में फिरोजा से खेलेंगे प्रज्ञानंद

## गुकेश ने नाम वापस लिया

**बुचारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद सुपर शतरंज क्लासिक में हिस्सा लेने वाले एकमात्र भारतीय हैं। डी गुकेश इस टूनार्मेंट से अपना नाम वापस ले चुके हैं।

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद सुपर शतरंज क्लासिक के पहले दौर में फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से खेलेंगे जो ग्रैंड शतरंज टूर पर इस साल का पहला क्लासिकल टूनार्मेंट होगा। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने क्लासिकल प्रारूप से नाम वापिस ले लिया था जिसके बाद प्रज्ञानंद अकेले भारतीय बचे हैं। उन्हें 10 खिलाड़ियों के टूनार्मेंट में नौ दौर में से पांच में सफेद मोहरों से खेलने का मौका मिलेगा।

**कारूआना को मिली शीर्ष वरीयता**

टूनार्मेंट की कुल ईनामी राशि 350000 डॉलर है, जबकि 125000 डॉलर बोनस होगा। पहला पुरस्कार एक लाख डॉलर है। अप्रैल में



कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में औसत प्रदर्शन के बाद प्रज्ञानंद को अपने खेल में सुधार करना होगा। वह लाइव रेटिग में विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर खिसक गए हैं। अमेरिका के फेबियानो कारूआना को शीर्ष वरीयता मिली है और वह पहले दौर में हालैंड के जोर्डन वान फोरीस्ट से खेलेंगे। गुकेश के नाम वापस लेने के बाद उनकी जगह विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में उनके चैलेंजर उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव खेलेंगे। वह पहले दौर में रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल का सामना करेंगे।




# नोएडा में पुलिस रिस्पॉन्स मजबूत करने के लिए 25 नई पीआरवी शामिल

## सीपी ने दिखाई हरी झंडी



**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था एवं पुलिस रिस्पॉन्स टाइम को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 25 नए टू-व्हीलर पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर ह्यडायल-112 के बेड़े में शामिल किया।

पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 से रवाना किए गए इन नए टू-व्हीलर पीआरवी वाहनों की तैनाती विभिन्न थाना क्षेत्रों में की जाएगी। इनका उद्देश्य महत्वपूर्ण मार्गों पर पुलिस की प्रभावी मौजूदगी बढ़ाना, कानून-व्यवस्था को मजबूत करना तथा आपात स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। पुलिस कमिश्नरेट के अनुसार, नए पीआरवी वाहनों में नोएडा जोन को 10, सेंट्रल नोएडा जोन को 10 तथा ग्रेटर नोएडा जोन को 5 अतिरिक्त पीआरवी आवंटित किए गए हैं। इससे आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी और प्रमुख मार्गों पर पुलिस की दृश्य उपस्थिति में वृद्धि होगी। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर आधुनिक संसाधनों, नई तकनीक और उन्नत वाहन सुविधाओं से लगातार स्वयं को सुसज्जित कर रहा है, ताकि जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इस अवसर पर डॉ. राजीव नारायण मिश्र, शैलेन्द्र कुमार सिंह, अभय कुमार मिश्र, शकील अहमद सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसेवा और विकास के तीन साल पूरे होने पर पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने जताया जनता का आभार



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 98 के पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने अपने कार्यकाल के तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने वार्ड की जनता के अटूट विश्वास, सहयोग और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ अनिल तोमर ने कहा कि बीते तीन वर्ष केवल एक कार्यकाल नहीं, बल्कि जनसेवा और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक रहे हैं।

पार्षद ने अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि वार्ड की हर गली और सड़क को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ना उनकी प्राथमिकता रही। पिछले तीन वर्षों में सड़क और नालों के निर्माण के साथ-साथ साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। क्षेत्र में पार्कों का कायाकल्प कर उनमें समरसेबल की सुविधा सुनिश्चित की गई। विशेष रूप से जीडीए क्षेत्र को नगर निगम में शामिल कराने, हाउस टैक्स संबंधी विसंगतियों को दूर करने और सीआईएसएफ रोड पर सीवर लाइन बिछाने जैसे जटिल कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण कराया गया।

पेयजल की समस्या के समाधान के लिए वार्ड में 30 एचपी और 20 एचपी के नए पंप स्थापित कर नई पाइपलाइन बिछाई गई है। साथ ही, मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के अंतर्गत 'सीएम ग्रिड रोड' का कार्य भी क्षेत्र में प्रारंभ हो चुका है। डॉ अनिल . तोमर ने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में यात्री शेड, सुलभ शौचालय और अन्य जनसुविधाओं का और अधिक विस्तार किया जाएगा ताकि वार्ड 98 विकास के मामले में एक आदर्श वार्ड बन सके।




## बस फ्लॉवर वालों के ही चल रहे हैं फरार अब तक सारे हमलावर

बाबा की हुकुमत में क्राइम के लिए कोई स्थान नहीं है। बर्थ डे पर गुस्सा आ गया तो मौत के बदले मौत है। सर तन से जुदा की बात भी सोची तो खुदा के पास पहुंचा दिया जायेगा। लूट की वारदात भले ही पहली हो लेकिन छूट नहीं होगी और वहीं जाना होगा जहां मिस्टर दुजाना पहुंचा दिये गये हैं। लेकिन जीरो टॉलरेंस वाले इस निजाम में फ्लॉवर वालों के हमलावरोंको लेकर पूरा सस्पेंस चल रहा है। सारे खुलासे हो गये मगर फ्लॉवर वालों के हमलावर आज तक नहीं पकड़े गये। क्रांतिकारी विधायक ने कहा हमला हुआ है और सरकार वाले विधायक की कार तक फॉरेंसिक जांच तक गयी। हमला किसने किया आजतक पता नहीं चला। संगठन वाले त्यागी जी का भी ऐसा ही मामला था। हमलावर नहीं पता चले। पार्षद पर हमला हुआ और आज तक बस हमलावर का ही पता नहीं है। सवाल यही है कि जब सारे अपराधियों का एन्काउन्टर हो गया तो फिर इतनी योग्य पुलिस फ्लॉवर वाले नेताओं के हमलावरों को क्यों नहीं तलाश पायी है। लगता है हमलावर विदेश जाकर बस गये है वरना अब तक पकड़ लेते।

## रिनोवेशन तो हो गया अब फर्नीचर भी तो दिलवाओ समाज के लोगों

70 साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब सरकारी जरूरतों के लिए पब्लिक की जेबें टटोली जा रही हैं। सरकारी दफ्तरों पर ऐसा पेंट हुआ है कि व्यवस्था पर ही डेंट लग गया है। दीवारें बोल रही हैं कि फलाने के पैसे से हुआ है ये काम। कमाल तो ये हुआ कि व्यापारी नेताओं को टटोला सो टटोला मगर सरकार के पार्षदों के पास कोतवालों और दरोगाओं के फोन पहुंच गये कि रंग रोगन कराईये। इस नये सिस्टम से आहत व्यापारी नेता ने दिल का दर्द साझा किया। उसने साफ कहा कि हम अगर किसी की हिमायत में चले जायें तो समाधान शुल्क चुकाने में कोई रियायत नहीं कर रहे हैं। उसने तंज भरे लहजे में कहा कि चलो रंग रोगन तो हो गया अब फर्नीचर भी तो आना है। रंग रोगन का खर्चा जिसने उठाया है उसे माफ करो और अब फर्नीचर के लिए अगला घर देख लो।

## लिख कर रख लो ये बात, उन विधायक का टिकट नहीं होगा इस बार

सियासत ने चेहरे बदले और नये चेहरों की बहार आयी। जो हार गये वहां भी नये चेहरे थे और जो जीते हैं वो भी नये चेहरे हैं। लहर का ये मैजिक था कि 22 में सर्वे रिपोर्ट कई विधायकों में खोट बता रही थी। टिकट रिपीट हुआ और खोट वाले भी बढ़िया वोट लेकर जीत गये। अब 27 आ रही है और टिकट रिपीट को लेकर दिल्ली लखनऊ तक मंथन हो रहा है। पता चला है कि इस बार पांच में से एक विधानसभा पर आंच आने जा रही है। ध्वजप्रणाम वाले बता रहे हैं कि एक विधानसभा में टिकट वाला सीन विकट हो जायेगा। उन्होंने यहां तक कह दिया कि लिख कर रख लो यहां टिकट रिपीट नहीं होने जा रहा है। बता भी दिया कि एक तो संगठन टू संघ ओपीनियन उनके खिलाफ हैं। दूसरा पब्लिक भी उनसे नाराज है। गारंटी वाले को बता भी दिया कि ये जिला गाजियाबाद है और यहां सबसे बड़ी गारंटी फेल होकर जिला बदर नहीं बल्कि प्रदेश बदर हो गयी।

# प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी निंदनीय

## सपा नेताओं को मयार्दा सीखनी चाहिए: शिल्पा चौधरी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सपा के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई कथित अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा पार्षद शिल्पा चौधरी ने कड़ी निंदा की है। भाजपा पार्षद शिल्पा चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री पद देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद है। ऐसे में किसी भी नेता द्वारा उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करना लोकतांत्रिक मयार्दाओं का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सपा नेताओं की आदत बन गई है कि वे जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की बयानबाजी करते हैं। शिल्पा चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास और सम्मान के पथ पर आगे बढ़ रहा है। पूरे विश्व में भारत की साख बढ़ी है। ऐसे में विपक्षी नेताओं को उनकी आलोचना करने के बजाय सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए। उन्होंने सपा नेतृत्व से मांग की कि वह अपने सांसद के बयान पर स्थिति स्पष्ट करे और देश की जनता से माफी मांगे।



# एसएस इंटरनेशनल स्कूल का 12वीं में शानदार प्रदर्शन, यश पांडे ने 97.2% अंकों के साथ किया टॉप




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा के एसएस इंटरनेशनल स्कूल, प्रधानाचार्य प्रमिला नगर ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देकर एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। स्कूल के छात्रों ने विभिन्न संकायों में शानदार अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन देवेन्द्र यादव और प्रधानाचार्य प्रमिला नगर ने बताया कि इस वर्ष का परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कॉमर्स संकाय में यश पांडे ने 97.2% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अर्श ने 95.2% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। साइंस संकाय में रश्मि झा ने 91.8% और मयंक गरिया ने 91.4% अंक प्राप्त किए। ह्यूमैनिटीज में अक्षरा शर्मा ने 91% अंक लाकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

अन्य टॉपर्स में अंशुल काला ने 90% (कॉमर्स), पूजा कुमारी ने 88.6% (कॉमर्स), बंटी जांगड़ा ने 88.6% (ह्यूमैनिटीज), अमन कुमार यादव ने 88% (कॉमर्स), गुलशन कुमार ने 87.4% (कॉमर्स) और शगुन सिंह ने 86% (कॉमर्स) परीक्षा परिणामों में शौर्य पांडे ने 96% अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।


संस्थान के अन्य विद्यार्थियों ने भी कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच शानदार अंक अर्जित किए हैं। मेधावियों की सूची में राशि दुबे और प्रतीक राज श्रीवास्तव दोनों ने 93% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, हर्ष ने 90% और कृष्णा झा ने 88% अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक योग्यता को साबित किया। चेयरमैन देवेन्द्र यादव ने सभी सफल छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम स्कूल की गुणवत्ता शिक्षा और समर्पण का प्रतीक है। प्रधानाचार्य ने कहा कि संस्थान भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है।




# नोएडा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन, सपा सांसद को दी नसीहत

**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय सूरजपुर पर समाजवादी पार्टी के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया । प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकताओं की सहभागिता रही। यह प्रदर्शन समाजवादी पार्टी के एक सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने के विरोध में हुई।

जनपद गौतमबुद्ध नगर के भाजपा जिला ध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन राजनीतिक विरोध के नाम पर व्यक्तिगत मयार्दा, सामाजिक सम्मान और भारतीय संस्कारों को ठेस पहुँचाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब राजनीतिक दलों का नेतृत्व ही मयार्दाओं की अनदेखी करने लगे तो उनके कार्यकताओं से संयमित भाषा और शालीन आचरण की अपेक्षा करना कठिन हो जाता है। उन्होंने महोबा से समाजवादी पार्टी के सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति की गई टिप्पणी को लोकतांत्रिक गरिमा और राजनीतिक शिष्टाचार पर आघात बताया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में भाषा की मयार्दा बनाए रखना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का दायित्व है, किंतु कुछ लोग राजनीतिक हताशा में सभी सीमाएँ लाँघ रहे हैं।







## क्रेडिट वार में कोई नहीं है पीछे, जवाबदेही कौन लेगा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों एक महकमे में सुबह से लेकर रात तक की फोटो डाली जा रही है। शायद ही महकमें में का कोई भी अधिकारी ऐसा हो, जो सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करवा रहा हो। उनके एक साहब तो वर्किंग ही रात को शुरू करते हैं। वैसे उनके वाले ही कह रहे हैं कि कुछ दिन की गर्मी है बाद में सब नर्मी रहेगी। शुरूआत में सब तेजी ही दिखाते हैं। वहीं सुनने में आ रहा है कि या तो उन्हें गाजियाबाद की मीडियाग्रेविटी का नहीं पता या वह कुछ और ख्याल में हैं। वैसे इन सबके बीच चर्चा और जानकारी यह मिली है इन दिनों साहब के एक ऑपरेशन को महकमे वालों से लेकर सिविल वाले दोनों भुनाने में लगे हुए हैं। कोई उस ऑपरेशन की पोस्ट डाल के अपनी पीठ थपथपा रहा है। तो कोई अपनी मेहनत के पोस्टर छपवा रहा है। वैसे इन सबके बीच जानकारी मिली है कि अगर लोकल वाले अलर्ट नहीं होते तो दुकान क्या दुकान के आगे लगने वाली दुकान भी पीछे नहीं होती। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि कई इलाकों में तो अगले महीने का वेट हो रहा है ताकि रेट तय हो सके। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से पूरे पुलिस कमिश्नरेट में यह अभियान चला है, इसका आम जनता के बीच सकारात्मक संदेश गया है। तो इलाकों में व्यापार मंडल वालों से लेकर स्थानीय मंडल और जनप्रतिनिधियों ने अपनी टीआरपी भी गेन कर ली है। बताया जा रहा है कि कोई कोतवाल के साथ नजर आया, तो किसी ने दूसरे स्तर के अधिकारियों को जलपान करवाया है। कुल मिलकर सबसे बड़ी बात यह है कि इस अभियान का क्रेडिट लेने में कोई भी पीछे नहीं है। चाहे वह सोशल मीडिया वाले एक्टिव हों, या नाइट में ट्रैफिक सिस्टम को राइट करने वाले अधिकारी। कुल मिलाकर सवाल यही उठ रहा है कि अगर जिन इलाकों की इस बार फोटो खूब हाईलाइट की गई है, उन इलाकों में दोबारा होता है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा, सिविल वाली पुलिस या दूसरा वाला महकमा, आगे आएगा। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम एसीपी स्तर को लेकर आने वाली बड़ी लिस्ट कभी भी जारी की जा सकती है। तो वहीं इसके बाद थाना प्रभारी स्तर के मामले में फिर बदलाव भी किया जाएगा। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में सिटी जोन के कौन से तीन एसीपी इधर से उधर किए जाएंगे और किसको रेस्ट दिया जाएगा, देखना बहुत अहम रहने वाला है।



# वार्ड 34 पार्षद खुर्शीदा कल्लन के 3 साल के विकास कार्यों पर हुआ अभिनंदन कार्यक्रम



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर वार्ड 34 की पार्षद खुर्शीदा कल्लन के कार्यकाल के सफल तीन वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने वार्ड के चहुंमुखी विकास और निरंतर जनसेवा के लिए पार्षद प्रतिनिधि व समाजसेवी हाजी मोहम्मद कल्लन को माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनता ने पिछले तीन वर्षों में हुए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने विशेष रूप से जर्जर सड़कों के निर्माण, नालियों की सुचारू व्यवस्था, साफ-सफाई के बेहतर प्रबंधन और आधुनिक स्ट्रीट लाइट लगवाने जैसे विकास कार्यों की जमकर सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि पार्षद के प्रयासों से वार्ड की मूलभूत सुविधाओं में क्रांतिकारी सुधार आया है, जिससे आम जनता को दैनिक समस्याओं से बड़ी राहत मिली है।

इस अवसर पर ताजींन मंसूरी, फरियाद चौधरी, दानिश मंसूरी, शुएब खान, आरिफ खान, रिहान खान, शालू खान, जफर अली, शब्बीर खान, सरफराज खान, समीर मंसूरी और मोहम्मद अजीम मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

सभी ने पार्षद परिवार को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वार्ड 34 में विकास की यह गति इसी प्रकार जारी रहेगी। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान अब प्राथमिकता के आधार पर हो रहा है।

# वसुंधरा सेक्टर 13 में संक्रांति मंदिर सेवा ट्रस्ट ने कराया निर्धन कन्या का धूमधाम से विवाह




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 13 स्थित प्राचीन शिव मंदिर में निर्धन कन्या का विवाह संपन्न किया गया । मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कु पूजा का विवाह शाहजहांपुर के विमलेश कुमार के साथ बहुत ही धूम धाम से हिंदू रीति रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। बरात शाहजहांपुर से आई थी।

विवाह का समस्त खर्च मंदिर ट्रस्ट द्वारा उठाया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के द्वारा बारातियों एवं घरातियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। वर-वधू को अपने गृहस्थ जीवन की शुरूआत करने के लिए गृह उपयोग की समस्त वस्तुएं एवं कपड़े इत्यादि दिए गए।

मंदिर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी एडवोकेट सुनील तिवारी ने बताया कि स्थानीय निवासियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों ने विवाह में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

विवाह उत्सव में सुप्रीम कोर्ट के वकील अनुपम मिश्रा के अलावा मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टीगण मोहन सिंह, नीलम उपाध्याय, अनिल शर्मा, प्रकाश महंत, दीपक रावत, मंदिर समिति अध्यक्ष मनीष राणा, कोषाध्यक्ष बीरेंद्र राणा एवं कार्तिक संकीर्तन सखी मंडल की अध्यक्ष मनीषा बिंजोला, बाला शर्मा, मधु शर्मा, संतोष मिश्रा, मंजू त्यागी, कांता बंसल आदि के साथ अनेक स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम, राधिका त्यागी ने किया टॉप




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में सिल्वर लाइन प्रेस्टिज स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कला संकाय की राधिका त्यागी ने 97.5% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान संकाय में पार्थ श्रीवास्तव व ईशान गर्ग (97.25%) दूसरे और शिवम दमानी (96.75%) तीसरे स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में सिद्धार्थ शर्मा (96.25%) ने बाजी मारी।

विद्यालय के लिए गौरव की बात रही कि अंग्रेजी, मनोविज्ञान, गणित, पेंटिंग और बिजनेस स्टडीज जैसे विषयों में कई विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत (100/100) अंक प्राप्त किए। कुल 218 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि विभिन्न विषयों में 656 विशिष्ट योग्यता दर्ज की गई।

इस उपलब्धि पर चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन, वाइस चेयरमैन नमन जैन, डायरेक्टर प्रणव जैन और प्रधानाचार्या डॉ. गीता जोशी ने मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

# ब्राह्मण समाज की आस्था एवं सम्मान पर आपत्तिजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं : राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में प्रवेश दत्त भरद्वाज ने कमिश्नर रेट गाजियाबाद को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध दिए गए अत्यंत आपत्तिजनक, घृणित एवं समाज को विभाजित करने वाले बयान से संपूर्ण ब्राह्मण समाज गहरे रूप से आहत एवं आक्रोशित है। राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रवेश दत्त भारद्वाज के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना पहुंचकर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र सौंपा। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि समाज में वैमनस्य फैलाने वाले ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान देने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन एवं संबंधित व्यक्तियों की होगी। इस मौके पर पंडित अंकुर शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पंडित अनिल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंडित रविकांत शर्मा, पंडित मनीष अत्रि, पंडित ललित शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष पंडित दीपक भारद्वाज, सोशल मीडिया प्रभारी पंडित ओम बिल्लू शर्मा उपस्थित रहे।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शिक्षाविद् डॉक्टर अतुल जैन हमेशा शिक्षा से जुड़े सुधार संशोधन और गुणवत्ता पर काम करते हैं। एजुकेशन के क्षेत्र से जुड़ी बातों को लेकर उन्होंने एक शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के इस पल को डॉक्टर अतुल जैन ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# शी जिनपिंग को व्हाइट हाउस आने का न्योता

## ट्रंप बोले- यूएस-चीन संबंध साझेदारी नहीं, वैश्विक शक्ति संतुलन की रीढ़



**बीजिंग।** बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका-चीन संबंधों को ऐतिहासिक बताया और दोनों देशों के बीच बातचीत को सकारात्मक और उत्पादक करार दिया। उन्होंने आपसी सम्मान और पुरानी सांस्कृतिक कड़ियों का भी उल्लेख किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन दौरे के दौरान अमेरिका और चीन के रिश्तों को विश्व इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच सम्मान और सहयोग की भावना अमेरिका की स्थापना के समय से ही मौजूद रही है।

बीजिंग में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन के नागरिकों के बीच शुरू से ही आपसी सम्मान का गहरा संबंध रहा है। उन्होंने अमेरिकी संस्थापक नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि बेंजामिन फ्रैंकलिन ने अपने चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस के विचार प्रकाशित किए थे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आज भी अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की इमारत पर प्राचीन चीनी विद्वानों की मूर्तियां गर्व के साथ स्थापित हैं।

**चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को मिला व्हाइट हाउस आने का निमंत्रण**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की कि उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग आगामी 24 सितंबर को व्हाइट हाउस का दौरा करेंगे। एक बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा कि यह एक पारस्परिक आधिकारिक यात्रा होगी। अपने संबोधन में उन्होंने शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन को अमेरिका आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि वे इस वर्ष सितंबर में व्हाइट हाउस में उनके स्वागत की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ट्रंप ने दोनों देशों के बीच संबंधों को 'गहरे और लंबे समय से चले आ रहे' बताते हुए कहा कि अमेरिका और चीन के लोगों के बीच रिश्ते बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बैठक को विशेष और सकारात्मक अनुभव भी बताया और दोनों देशों के बीच सहयोग की सराहना की।

**शी जिनपिंग-ट्रंप वार्ता में ऊर्जा, व्यापार और नशीली दवाओं पर चर्चा**

एक चीनी अधिकारी के मुताबिक दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि दुनिया की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना जरूरी है। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के युद्ध की वजह से यह समुद्री रास्ता लंबे समय से बंद है। अधिकारी के अनुसार, शी जिनपिंग ने अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने की रुचि दिखाई है। चीन चाहता है कि भविष्य में खाड़ी देशों के तेल पर उसकी निर्भरता कम हो जाए। बैठक में नशीली दवाओं (फेंटानिल) को बनाने वाले रसायनों की सप्लाई रोकने पर भी बात हुई। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने अमेरिका से कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाने पर भी चर्चा की। यह जानकारी देने वाले अधिकारी ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर ये बातें बताईं।

हालांकि, शी जिनपिंग ने स्पष्ट किया कि चीन इस जलमार्ग के किसी भी प्रकार के सैन्यीकरण या उस पर टोल/शुल्क लगाने के प्रयास का विरोध करता है।

### बातचीत को बताया सकारात्मक और उत्पादक

बीजिंग में हुई बैठकों का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी और चीनी प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत बेहद सकारात्मक और उत्पादक रही। उन्होंने कहा ₹आज हमारी चर्चाएं बहुत ही उपयोगी और अच्छे माहौल में हुईं। यह दोनों देशों के हित में है और भविष्य में भी ऐसे संवाद जारी रहने चाहिए।₹ ट्रंप ने आगे कहा कि यह मुलाकात दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### ताइवान मुद्दे पर शी जिनपिंग की ट्रंप को सख्त चेतावनी

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि ताइवान मुद्दे को गलत तरीके से संभालने से दोनों देशों के बीच गंभीर टकराव और यहां तक कि सैन्य संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है। यह बयान ऐसे समय आया है जब दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, ईरान युद्ध और वैश्विक रणनीतिक संतुलन जैसे कई संवेदनशील मुद्दों पर बातचीत कर रही हैं।

# बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना और लड़ाकों के बीच मुठभेड़, मेजर समेत पांच सैनिकों की मौत



**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के बरखान जिले में सुरक्षा बलों ने लड़ाकों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। मुठभेड़ में सात लड़ाके मारे गए, जबकि पाकिस्तानी सेना के एक मेजर समेत पांच सैनिकों की भी मौत हो गई।

बलूचिस्तान में पाकिस्तान सेना ने एक बड़े संयुक्त अभियान में सात लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया है। हालांकि इस कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के एक मेजर समेत पांच सैनिकों की भी मौत हो गई। यह जानकारी पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बुधवार देर रात जारी बयान में दी।

आईएसपीआर के अनुसार, बलूचिस्तान के बरखान जिले के मार्कहम के नोशाम इलाके में पाकिस्तान सेना और बलूचिस्तान फ्रंटियर कॉर्प्स ने संयुक्त क्लीन-अप ऑपरेशन चलाया। खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किए गए इस अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और लड़ाकों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई।

**सेना ने कहा- सात लड़ाके मारे गए:** सेना के बयान में कहा गया कि अभियान के दौरान सात लड़ाके मारे गए। हालांकि इस दौरान एक फील्ड ऑफिसर यानी मेजर समेत पांच सैनिकों की भी जान चली गई। मारे गए सैनिकों की पहचान फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है।

कार्रवाई के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया। इस दौरान लड़ाकों के कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद किए जाने का दावा किया गया है। सेना ने कहा कि इलाके में बाकी लड़ाकों की तलाश के लिए अभियान अभी जारी है। बलूचिस्तान में इस साल सुरक्षा बलों ने कई बड़े अभियान चलाए हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया की वायु सेनाओं की बैठक: एयरोस्पेस सहयोग पर चर्चा, MQ-28 घोस्ट बैट लड़ाकू विमान भी दिखा



**कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की वायु सेनाओं के बीच कैनबरा में हुई बैठक में रक्षा सहयोग, संयुक्त अभ्यास और भविष्य की हवाई युद्ध तकनीक पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान बोइंग का बिना पायलट वाला लड़ाकू विमान एमक्यू-28 घोस्ट बैट भी नजर आया, जिसे लड़ाकू विमानों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार किया गया है।

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स ने 'भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग' पर चर्चा की है। यह चर्चा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रक्षा संबंधों के बीच हुई है, जहां फोटो सेशन के दौरान बोइंग एमक्यू-28 घोस्ट बैट लड़ाकू विमान भी पीछे दिखाई दिया।

दोनों वायु सेनाओं के बीच हाल ही में 12वीं एयर स्टाफ वार्ता कैनबरा में हुई। इस वार्ता का खास फोकस अभियान के समय तालमेल, एक-दूसरे की प्रणाली के साथ मिलकर काम करने की क्षमता (इंटरऑपरेबिलिटी), प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग पर था।

**भारतीय वायु सेना ने बयान में क्या कहा?** आईएएफ के बयान में कहा गया कि 12वीं एयर स्टाफ वार्ता में दोनों वायु सेनाओं ने ऑपरेशनल तालमेल बढ़ाने, संयुक्त अभ्यास, एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग समझौते, प्रशिक्षण और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने और भविष्य के लिए तैयार हिंद-प्रशांत साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायु सेना के उप प्रमुख एयर वाइस मार्शल स्टीवन पेस ने कैनबरा और ब्रिस्बेन में भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल संजीव तालियान की मेजबानी की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और पेशेवर वायु शक्ति संवाद को आगे बढ़ाया गया। बैठक के दौरान ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी एक तस्वीर में बोइंग डिफेंस ऑस्ट्रेलिया का एमक्यू-28 घोस्ट बैट पीछे दिखाई दिया।

# बांग्लादेश में खसरे का कहर जारी, मृतकों की संख्या 432 हुई



**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप गंभीर हो गया है। अब तक 432 लोगों की मौत हो चुकी है और 60 हजार से अधिक संदिग्ध व पुष्ट मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने टीकाकरण में कमी, कुपोषण और सरकारी लापरवाही को स्थिति बिगड़ने का मुख्य कारण बताया है।

बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप गंभीर होता जा रहा है, इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 432 हो गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कम से कम आठ और लोगों की मौत हुई है। देश में खसरे के पुष्ट और संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 60 हजार से अधिक हो गई है, जिससे स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इसे हाल के वर्षों का सबसे बड़ा प्रकोप बताया है।

### लगातार बढ़ रहे मामले

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, ये मौतें बुधवार सुबह तक के 24 घंटों में दर्ज की गईं। इसी अवधि में, 1489 संदिग्ध मामले सामने आए, जिससे संदिग्ध संक्रमणों की कुल संख्या 53,056 हो गई। इसके अतिरिक्त, 126 पुष्ट मामले दर्ज किए गए, जिससे कुल पुष्ट मामलों की संख्या 7150 हो गई। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार ने यह जानकारी दी।

जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ मुश्ताक हुसैन ने कहा कि समय पर टीकाकरण न होने के कारण खसरे के मामले तेजी से फैले हैं। उन्होंने कहा, यदि प्रकोप को देखते हुए कोई उचित कदम उठाया गया होता, तो मृत्यु दर काफी कम हो सकती थी।

हुसैन ने यह भी कहा कि एक बार जब मामले 50 हजार का आंकड़ा पार कर जाते हैं, तो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाना चाहिए, और ऐसा न करके काफी गलत किया गया है।

### टीकाकरण में कमी और कुपोषण

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले वर्ष अपर्याप्त टीकाकरण और कुपोषण ने इस प्रकोप को बदतर बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। वायरोलॉजिस्ट और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ महबूबा जमील ने इस वर्ष खसरे के मामलों में असामान्य वृद्धि के बारे में बताया। उन्होंने कहा, यदि टीकाकरण गतिविधियां जारी रहती हैं, तो अगले कुछ हफ्तों में संक्रमण में कमी आनी शुरू हो सकती है।

### वैक्सीन प्रणाली में लापरवाही

द डेली स्टार की एक संपादकीय रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में खसरे के टीकाकरण कवरेज में दो दशकों तक लगातार वृद्धि हुई थी। यह कम आय वाले देशों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मॉडल बन गया था। रिपोर्ट के अनुसार, पिछली अंतरिम सरकार की चौंकाने वाली लापरवाही से यह रिकॉर्ड अब बर्बाद हो गया है। इस लापरवाही ने हजारों लोगों के जीवन को खतरे में डाल दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते उचित कदम उठाए जाते तो इस त्रासदी से बचा जा सकता था।

### पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप

बुधवार को, सचेतन नागरिक समाज के बैनर तले प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने ढाका के धनमंडी 27 क्षेत्र में एक मानव श्रृंखला बनाई। उन्होंने खसरे से संबंधित मौतों के लिए पूर्व अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और उनके स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के परिवारों के लिए मुआवजे की भी मांग की।

# अराघची बोले- इस्राइल से साठगांठ पड़ेगी महंगी

**तेहरान।** इस्राइल के दावों और यूएई के इनकार ने पश्चिम एशिया के कूटनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। ईरान की कड़ी चेतावनी ने भविष्य में टकराव और कड़े प्रतिबंधों की संभावनाओं को और अधिक बल दे दिया है। क्या है पूरा मामला?

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस्राइल के साथ किसी भी प्रकार की गुप्त साठगांठ के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की है। यह बयान इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात की गुप्त यात्रा की बात कही थी। ईरान ने कहा कि इस्राइल के साथ मिलकर साजिश रचने वालों को इसका अंजाम भुगतना होगा। इस्राइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को एक बयान जारी किया। इसमें दावा किया गया कि 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' के दौरान पीएम नेतन्याहू ने यूएई की गुप्त यात्रा की थी।

# अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के वांछित सीनेटर संसद से फरार



**मनीला।** संसद अध्यक्ष एलन केयेतानो की कार में बैठकर सीनेटर रोनाल्ड डेला रोजा सोमवार को सीनेट पहुंचे थे। राष्ट्रीय जांच ब्यूरो के एजेंटों ने आईसीसी गिरफ्तारी वारंट तामील करने का प्रयास किया, लेकिन डेला रोजा सीनेट के प्लैनरी हॉल में एक संकरे सीढ़ी की ओर भागे। उन्होंने सहयोगी सीनेटरों से मदद मांगी, जिन्होंने उन्हें अपनी सुरक्षा में ले लिया।

अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में वांछित फिलीपींस के एक सीनेटर ने गिरफ्तारी से बचने के लिए संसद में शरण ली थी। हालांकि, अब वह वहां से फरार हो गए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सीनेटर रोनाल्ड डेला रोजा संसद से फरार हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि भारी सुरक्षा वाले संसद से रोनाल्ड डेला रोजा उस समय बाहर निकले, जब बुधवार रात को भवन के सुरक्षा कर्मियों और एक सरकारी एजेंट के बीच हुई बहस के दौरान गोलीबारी हुई। इस हंगामे ने सीनेटर को चुपके से निकल जाने में मदद की।

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देर रात टीवी पर देश के लोगों से शांत रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच जारी है, जिसमें इस संदेह की भी जांच की जा रही है कि क्या इस घटना को डेला रोजा को भागने का बहाना देने के लिए उकसाया गया था।

### संसद अध्यक्ष बोले- उन्हें नहीं मिली गिरफ्तारी का वारंट

सीनेट अध्यक्ष एलन केयेतानो ने डेला रोजा के सीनेट की सुरक्षा में रहते हुए फरार होने पर कहा, ₹न्याय में कोई बाधा नहीं है।₹ उन्होंने एक समाचार ब्रीफिंग में बताया कि उन्हें डेला रोजा के खिलाफ आईसीसी का गिरफ्तारी वारंट नहीं दिखा और सीनेटर परिसर छोड़ने के लिए स्वतंत्र थे। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि केयेतानो और सीनेट के सुरक्षा प्रमुख को डेला रोजा के भागने के लिए जिम्मेदार होने चाहिए।

### डेला रोजा पर लगे थे क्या आरोप?

डेला रोजा फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख रह चुके हैं। दुतेर्ते 2016 से 2022 तक राष्ट्रपति थे। दुतेर्ते को पिछले साल मार्च में आईसीसी वारंट पर गिरफ्तार किया गया था, उन पर उनके द्वारा शुरू किए गए घातक नशीली दवाओं विरोधी अभियानों के संबंध में मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप हैं, जिसके लिए वह अब हेग में मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

आईसीसी द्वारा सोमवार को जारी एक वारंट में डेला रोजा पर जुलाई 2016 और अप्रैल 2018 के अंत के बीच कम से कम 32 लोगों की हत्या जैसे मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप लगाया गया है। ये हत्याएं उन्होंने दुतेर्ते के अधीन राष्ट्रीय पुलिस बल का नेतृत्व करने के दौरान की थीं। इस दौरान कई खूनी अभियानों को लागू किया था। डेला रोजा और दुतेर्ते दोनों ने अलग-अलग अतिरिक्त-न्यायिक हत्याओं को मंजूरी देने से इनकार किया है। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति ने अपने कार्यकाल के दौरान खुले तौर पर नशीली दवाओं के संदिग्धों को मौत की धमकी दी थी।

# ईरान ने UAE तट के पास एक जहाज को किया जब्त

## ओमान में भारतीय झंडा लगा शिप हमले के बाद डूबा



**दुबई।** यूएई के फुजैरा तट के पास एक जहाज को जब्त कर ईरान की ओर ले जाने की खबर से होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ गया है। वहीं ओमान के पास भारतीय ध्वज वाले जहाज पर हमले के बाद वह डूब गया, सभी नाविक सुरक्षित बताए गए हैं।

संयुक्त अरब अमीरात के पूर्वी तट के पास लंगर डाले एक जहाज को अज्ञात लोगों द्वारा जब्त कर ईरान की दिशा में ले जाने की खबर सामने आई है। इस घटना की पुष्टि ब्रिटिश सैन्य संगठन यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने की है। घटना के बाद पूरे होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

### फुजैरा के पास हुआ पूरा घटनाक्रम

UKMTO के अनुसार, यह जहाज फुजैरा बंदरगाह से लगभग 38 समुद्री मील (करीब 70 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में लंगर डाले था, जब उस पर अनधिकृत लोगों ने कब्जा कर लिया। प्रारंभिक रिपोर्टों में बताया गया है कि जहाज को जब्त करने के बाद उसे ईरानी जलक्षेत्र की ओर ले जाया गया। हालांकि अभी तक जहाज का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है और न ही किसी समूह ने इस कार्रवाई की जिम्मेदारी ली है। वङटळड ने कहा है कि मामले की जांच जारी है और सभी संभावित पहलुओं पर नजर रखी जा रही है।

### ओमान तट के पास भारतीय जहाज पर हमला

इसी बीच भारतीय अधिकारियों ने जानकारी दी है कि ओमान के तट के पास एक भारतीय ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर हमला हुआ, जिससे उसमें आग लग गई और बाद में वह डूब गया। यह जहाज सोमालिया से यूएई के शारजाह की ओर जा रहा था। जहाज पर सवार सभी 14 भारतीय चालक दल को ओमान की तटरक्षक टीम ने सुरक्षित बचा लिया।

अधिकारियों के अनुसार, सभी नाविक सुरक्षित हैं और उन्हें चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस घटना को गंभीर और अस्वीकार्य बताते हुए नागरिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग एक-चौथाई हिस्सा गुजरता है।

# क्या CIA ने काले राज छिपाने के लिए खुफिया विभाग की प्रमुख के दफ्तर पर मारा छापा



**वाशिंगटन।** खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड के दफ्तर पर सीआईए की तरफ से छापेमारी की बात मुख्य रूप से एक व्हिसलब्लोअर के दावों और एक न्यूज चैनल पर की गई ब्रॉडकास्ट से उठी। इसके बाद से ही अमेरिका और दुनिया में सीआईए की तरफ से जब्त 40 बॉक्स की चर्चा शुरू हो गई, जिनमें कथित तौर पर जेएफके हत्याकांड से लेकर विवादास्पद एमके-अल्ट्रा कार्यक्रम तक की फाइल्स के शामिल होने की आशंका जाहिर की गई।

अमेरिका में एक कथित हालिया घटनाक्रम को लेकर सियासी बहस छिड़ गई है। दरअसल, हाल ही में ऐसे दावे हुए हैं कि अमेरिका की विदेश मामलों की खुफिया एजेंसी- सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) ने ट्रंप सरकार में खुफिया विभाग की प्रमुख बनाई गईं तुलसी गबार्ड के ही दफ्तर पर छापेमारी कर दी। ऐसे आरोप लगाए गए हैं कि सीआईए ने खुफिया विभाग की निदेशक के घर से गोपनीय फाइल्स के करीब 40 बक्से अपने कब्जे में ले लिए।

अमेरिका में इस घटना की खबर सामने आने के बाद से ही विवाद इतना बढ़ गया कि तुलसी गबार्ड के दफ्तर को एक बयान जारी करना पड़ा है। साथ ही कई नेताओं ने भी जब्त दस्तावेजों को लेकर कई दावे किए हैं, जिनके बाद से पूरी दुनिया में इनकी चचाएं शुरू हो गईं।

**क्या है पूरा मामला, कैसे उठी तुलसी गबार्ड के दफ्तर पर छापेमारी की बात?**

तुलसी गबार्ड के दफ्तर पर सीआईए की तरफ से छापेमारी की बात मुख्य रूप से एक व्हिसलब्लोअर के दावों और एक न्यूज चैनल पर की गई ब्रॉडकास्ट से उठी थी।

### 1. व्हिसलब्लोअर जेम्स एर्डमैन /// ने दी गवाही

इस विवाद की शुरूआत 13 मई 2026 को हुई, जब लगभग दो दशकों तक काम कर चुके सीआईए के एक वरिष्ठ ऑपरेशंस अधिकारी और व्हिसलब्लोअर जेम्स एर्डमैन क्क्कने संसद के उच्च सदन- सीनेट की होमलैंड सिक्योरिटी एंड गवर्नमेंटल अफेयर्स कमेटी के सामने गवाही दी। हालांकि यह सुनवाई मुख्य रूप से कोरोनावायरस की उत्पत्ति से जुड़े मामलों पर केंद्रित थी, लेकिन इसी दौरान एर्डमैन ने सांसदों को बताया कि सीआईए ने पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) और एमके अल्ट्रा (दिमाग पर नियंत्रण पाने वाला गुप्त कार्यक्रम) से जुड़े दस्तावेजों के 40 बॉक्स गबार्ड के दफ्तर से जब्त कर लिए हैं। एर्डमैन के मुताबिक, गबार्ड इन दस्तावेजों को सार्वजनिक (डीक्लासिफाई) करने की प्रक्रिया में थीं, तभी सीआईए ने अचानक कदम उठाते हुए इन फाइलों को जब्त कर लिया।

### 2. फॉक्स न्यूज ने किया इन दावों का प्रसारण

एर्डमैन की इसी गवाही का हवाला देते हुए, अमेरिकी न्यूज चैनल- फॉक्स न्यूज के टेलीविजन होस्ट जेसी वॉटर्स ने अपने शो में कहा कि सीआईए ने खुफिया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड के दफ्तर पर छापा मारा है। वॉटर्स ने शो में कहा कि एजेंटों ने दर्जनों बक्से निकाल लिए हैं, जिनमें दशकों पुराने संवेदनशील दस्तावेज थे।

### 3. सांसदों की तरफ से भी मामले को तूल दिया गया

इसके बाद, अमेरिकी संसद के निचले सदन- प्रतिनिधि सभा की सदस्य (सांसद) एना पॉलिना लूना ने भी इन दावों को आगे बढ़ाया और सोशल मीडिया पर सीआईए को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर ये दस्तावेज नहीं लौटाए गए, तो वह सीआईओ को समन जारी करेंगी।

इन तीन प्रमुख घटनाक्रमों की वजह से ही गबार्ड के दफ्तर पर छापेमारी की बात ने जोर पकड़ा। इसे लेकर बाद में गबार्ड के दफ्तर को बयान जारी करना पड़ा। तुलसी गबार्ड के दफ्तर पर सीआईए की छापेमारी के दावे जरूर सामने आए हैं, लेकिन उनके दफ्तर ने इन दावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस की प्रेस सचिव ओलिविया कोलमैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान जारी करते हुए स्पष्ट किया यह झूठ है। सीआईए ने डीएनआई के दफ्तर पर कोई छापा नहीं मारा। राष्ट्रपति के आदेश की अवहेलना का लगा आरोप: रिपब्लिकन सांसद एना पॉलिना लूना के मुताबिक, राष्ट्रपति ने एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जरिए इन फाइलों को पूरी तरह से सार्वजनिक करने का निर्देश दिया था। सीआईए पर आरोप लगा है कि उसने इन दस्तावेजों को जब्त करके सीधे तौर पर राष्ट्रपति के आदेश का उल्लंघन किया है और प्रक्रिया में बाधा डाली है।

# ब्रिटेन की राजनीति में बड़ी हलचल: स्वास्थ्य मंत्री ने दिया इस्तीफा

## पीएम स्टार्मर को दे सकते हैं चुनौती

**लंदन।** ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने इस्तीफा दे दिया है। वह प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के नेतृत्व को चुनौती दे सकते हैं। चुनावों में लेबर पार्टी की हार के बाद स्टार्मर पर पद छोड़ने का दबाव है। स्ट्रीटिंग इस्तीफा देने वाले पहले कैबिनेट सदस्य बन गए हैं। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा है कि वह स्टार्मर के नेतृत्व को चुनौती देने की तैयारी में हैं।

पिछले हफ्ते स्थानीय और क्षेत्रीय चुनावों में लेबर पार्टी की करारी हार हुई थी। इसके बाद से प्रधानमंत्री स्टार्मर पर पद छोड़ने का भारी दबाव है। स्ट्रीटिंग इस्तीफा देने वाले पहले कैबिनेट मंत्री हैं।

उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं काफी समय से चर्चा में रही हैं। उन्हें उन कुछ खास लोगों में गिना जाता है जो स्टार्मर को पद से हटाने की कोशिश कर सकते हैं।

# 35 साल की महिला ने पति को जहर देकर मारा: बच्चों के लिए किताब भी लिखी



**अमेरिका।** अमेरिका के यूटा राज्य में एक महिला को अपने पति की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने माना कि उसने पति के ड्रिंक में फेंटेनाइल मिलाकर जान और पहले भी कई बार जहर देने की कोशिश की थी। उस पर बीमा धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज जैसे कई गंभीर आरोप साबित हुए हैं। जब यह सजा सुनाई गई, उसी दिन उसके पति का जन्मदिन था।

अमेरिका के यूटा राज्य की एक महिला को उसके पति की हत्या के मामले में बिना पैरोल उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। बुधवार को एक जज ने यह फैसला सुनाया। महिला ने अपने पति की मौत के बाद बच्चों के लिए एक ऐसी किताब लिखी थी, जिसमें उनके पिता को खोने के दुख के बारे में बताया गया था।

कोरी रिचिन्स नाम की इस महिला को मार्च महीने में हत्या का दोषी पाया गया था। उस पर आरोप था कि उसने साल 2022 में पार्क सिटी के पास घर में अपने पति एरिक रिचिन्स के कॉकटेल ड्रिंक में फेंटेनाइल (बहुत तेज असर करने वाली दर्द कम करने की दवा) को मात्रा से पांच गुना ज्यादा मिलाकर उसे मार दिया।

जूरी ने कोरी रिचिन्स को चार अन्य गंभीर अपराधों में भी दोषी माना। इनमें बीमा धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज बनाना और हत्या की कोशिश जैसे मामले शामिल हैं। आरोप था कि उसने वैलेंटाइन डे से कुछ हफ्ते पहले भी अपने पति को फेंटेनाइल मिला सैंडविच देकर जहर देने की कोशिश की थी। जज रिचर्ड मराजी ने सजा सुनाते समय कहा, जो व्यक्ति ऐसे अपराध करता है, वह कभी भी आजाद रहने के लायक नहीं है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# 5.51 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात का महापौर सुनीता दयाल ने किया शिलान्यास

## मिलक गांव में हर घर पहुंचेगा गंगाजल, पेयजल संकट से मिलेगी राहत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम द्वारा शहर के विकास को गति देते हुए करीब 5 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत से पेयजल, सड़क, नाला और पार्क सौंदर्यकरण समेत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि इन परियोजनाओं से शहर के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और मूलभूत सुविधाएं और मजबूत होंगी।

महापौर ने विशेष रूप से वार्ड-16 स्थित मिलक गांव में पेयजल आपूर्ति परियोजना का शिलान्यास किया, जिसके तहत गांव में नई पानी की लाइन डाली जाएगी और 30 एचपी क्षमता के दो पंप स्थापित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस योजना के पूरा होने के बाद मिलक गांव के प्रत्येक घर तक गंगाजल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा होगा।



### सड़क, नाला और पार्क निर्माण से भी मिलेगा लाभ

**करंट क्राइम :** शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पटेल नगर में सड़क निर्माण, संजय नगर में पार्क सौंदर्यकरण, हरवंश नगर में सड़क निर्माण तथा होली चाइल्ड चौक क्षेत्र में नाला निर्माण कार्य भी शुरू कराया गया। महापौर ने कहा कि इन विकास कार्यों से जहां लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी, वहीं जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी और शहर की सुंदरता बढ़ेगी। कार्यक्रम में पार्षद नीलम, उमेश नागर, रंजीता कल्याणी, सुमन जाटव, सुभाष चौधरी, अजीत निगम, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, महीम गुप्ता, विनीत परासर, अनिल कल्याणी, पूर्व पार्षद राकेश पंडित समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### जल निगम की लापरवाही से नहीं शुरू हो सकी थी पुरानी योजना

**करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि पूर्व में जल निगम द्वारा गांव में पेयजल आपूर्ति की योजना शुरू की गई थी, लेकिन कार्यों में लापरवाही के कारण पानी की टंकी आज तक संचालित नहीं हो सकी। साथ ही लगाए गए पंप खराब हो गए और पानी की पाइप लाइनें जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही पानी छोड़ा जाता है, लाइन फट जाती है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए नगर निगम ने नई पेयजल योजना तैयार कर गांव को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।





### -ये रहे प्रमुख विकास कार्य-

- वार्ड-16 मिलक गांव में 4500 मीटर लंबी 110 मिमी, 150 मिमी और 200 मिमी व्यास की पेयजल लाइन बिछाने का कार्य – लागत लगभग 1.31 करोड़ रुपये।
- मिलक गांव की पानी की टंकी परिसर में 30 एचपी क्षमता के दो पंप लगाने का कार्य – लागत लगभग 88 लाख रुपये।
- वार्ड-71 स्थित सब्जी मंडी वाले पार्क के सौंदर्यकरण का कार्य – लागत लगभग 14 लाख रुपये।
- वार्ड-32 हरवंश नगर के मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य – लागत लगभग 62 लाख रुपये।
- वार्ड-19 गुरुतेग बहादुर चौक से जीटी रोड तक सड़क निर्माण कार्य – लागत लगभग 1.93 करोड़ रुपये।
- वार्ड-96 होली चाइल्ड चौक से अशोक नगर कट तक नाला निर्माण कार्य – लागत लगभग 52 लाख रुपये।

## पीएमईजीपी लोन के नाम पर करोड़ों की ठगी, 6 साइबर ठग गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख पुलिस और साइबर सेल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत सब्सिडी लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 6 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 18 की-पैड मोबाइल फोन, 6 स्मार्ट फोन, कॉलिंग डाटा से जुड़े 15 रजिस्टर सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस एवं साइबर सेल टीम ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सेक्टर-1 स्थित कृष्णा काउंटी टॉवर-ए से धर्मराज राठौर, रवि कुमार, किशन राठौर, अक्षय, किरन नायर और किरन बाबू राठौर को गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इंस्टाग्राम, फेसबुक समेत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आधार कार्ड, पैन कार्ड और लोन संबंधी विज्ञापन चलाते थे। विज्ञापन पर क्लिक करने वाले लोगों को फर्जी मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए जाते थे। इसके बाद आरोपी खुद को सरकारी योजना से जुड़े लोन अधिकारी बताकर पीएमईजीपी योजना के तहत सब्सिडी वाला होम लोन दिलाने का झांसा देते थे।




दीपक भाटी
समाचार सम्पादक

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फूल वालों के यहां कंट्रीब्यूशन को लेकर क्यों हो रही है टेंशन? किस मैम्बर ने कह दिया 11 हजार का अमाउन्ट कार्यकर्ता के लिए है बहुत बड़ा माउन्ट? कहने वाले ने कहा कि 250रुपए का योगदान तो है देवतुल्य के लिए आसान? मगर 11 हजार की सहयोग राशि को लेकर वो नहीं कर रहे हैं खुद को सहज फील? कहने वाले ने कहा वो आदमी तो अच्छे है, मगर प्रोग्राम के हिसाब से हैवी है उनकी डील ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि केसरिया लेडी फ्रंट ने जब किया प्रदर्शन तो लगा दिया किसी ने फोटो दर्शन पर कोई प्रतिबंध? सुना है फोटो फ्रे म में सिर्फ मिली है महामंत्री को परमिशन? सुना है कि बस ये आदेश आया है और नहीं बताया गया है कोई रीजन? क्या लेडीज प्रदर्शन को लेकर हो गयी थी कोई बात? ऐसे ही तो नहीं हुआ होगा ये आदेश जारी? कहने वाले ने कहा इस घटना ने किया हुआ है किसी का दिल भारी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फ्लॉवर वालों के यहां कई प्रकोष्ठ वालों ने मान लिया है खुद को अभी से एक्स? एक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने कह दिया कि हम कोई जनप्रतिनिधि नहीं है जो हमारे चेहरे होंगे रिपीट? क्या उन्होंने इस बात को फिर दोहराया कि भले ही उन्हें किसी और को लेना पड़े लेकिन हम नही होंगे उन्हें स्वीकार? उन्होंने कहा कि हमने अभी से कर लिया है इस बात को स्वीकार? आप तो जानते है हमारा कुछ ऐसा ही व्यवहार , हमसे नहीं हो पता है इंकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा की महिला राजनीति में महानगर की ताजपोशी होगी कौन से फैक्टर के नाम पर? क्या इस बार रखा जायेगा कुछ चेहरों को काफी दूर? क्या इस बार ओबीसी फै क्टर पर होने जा रहा है काम? कहने वाले ने कहा कि दो चेहरे खुद को ना माने इस फ्रेम में? यहां कोई तीसरा ही चेहरा आयेगा लेकर हाईकमान से आदेश? जो समझदार है वो समझ ही गए होंगे ये संदेश ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि महानगर वालों के दफ्तर पर चल रही थी बैठक और आया सीन में आप भी बैठिये वाला पंच? क्या मिस्टर त्यागी विराजमान थे ऑन द मंच? सुना है पंजाबी महामंत्री आये अचानक और मंच पर त्यागी जी को देखकर ले लिया उन्होंने यू टर्न? तभी उनपर पड़ गयी किसी की नजर तो मंच से महामंत्री का नाम गया पुकारा? तब मिस्टर वापस लौटे दोबारा? फिर उन्हें मंच पर दिया गया स्थान? सुना है ये महामंत्री आजकल फूँक फूँक कर कर रहे है काम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के उस भगवा त्यागी नेता ने किया था चुनाव के समय निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी को सपोर्ट? आज वो नेता है मंडल में उपाध्यक्ष मगर बना रखी है मंडल से ही दूरी? कहने वाले ने कहा कि वो तो लड़ा रहे थे निर्दलीय को चुनाव को मंडल वाले दायित्व को कैसे करेंगे पूरा? कहने वाले ने कहा कि जब तक बागियों की वापसी पर नहीं लगेंगे ब्रेक तब तक संगठन में पदों पर आते रहेंगे ऐसे ही फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आखिर मीडिया का दायित्व संभालने वाले लोग क्यों बना रहे हैं अपने कामों से ही दूरी? कहने वाले ने कहा कि उनका मन नहीं है काम में या फिर कोई और है मजबूरी? कहने वाले ने कहा कि मैडम एक्स पार्षद को दी गयी थी सोशल मीडिया वाली जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा कि आप सुनकर रह जायेंगे दंग? आजतक कार्यालय में नही पहुंची है मैडम ? क्या वो चल रही हैं बहुत ज्यादा व्यस्त या फिर उनका नहीं है सोशल मीडिया वाली जिम्मेदारी में मन? वो करती हैं किसी भी जिम्मेदारी को बड़े मन और मेहनत से पूरा? कुछ तो बात है वरना वो नहीं छोड़ती हैं ऐसे ही किसी काम को अधूरा? लगता है उनके साथ इंसाफ नहीं किया गया है पूरा ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक संगठन वाले नेता के मन में चल रहा है विधानसभा का बड़ा विचार? सुना है वो मन को नहीं कर पा रहे हैं संगठन पर फोकस? क्या उनके मन में चल रहा है बहुत तेजी से विधानसभा चुनाव लड़ने का ख्याल? कहने वाले ने कहा कि दो नांव में ठीक नहीं है होना इस तरह से सवार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कांग्रेस के बॉबी भईया कर रहे हैं इन दिनों सियासत के ज्यादा खुद को बिजनेस पर फोकस? कांग्रेस वाले ने ही कहा कि वो चुनाव के समय ही निकलेंगे घर से और मांगेगे सीधा विधानसभा का टिकट? पुराने कांग्रेसी नेता ने कहा कि उम्मीदवारों की इस स्थिति को लेकर ही तो हो जाती है कार्यकर्ताओं के लिए स्थिति चुनाव में विकट? केवल हमारे भरोसे पर काम नहीं चलेगा? खुद दावेदारों को भी दिखना चाहिए जनता के निकट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा सिंघल को बिल्कुल भी नहीं रास आया महानगर में कार्यकारिणी सदस्य का पद? कहने वाले ने कहा कि ये तो उनके साथ इमोशनल अत्याचार की हो गयी है हद? पहला सितम तो युवा मोर्चा के अध्यक्षी वाले ख्वाबों पर हुआ था उनके कार्यकाल में? दूसरा सितम हुआ महानगर मंत्री वाली लिस्ट में सबसे नीचे लिखे उनके नाम पर ? तीसरा सितम हो गया कार्यकारिणी वाले सदस्य के नाम पर? अच्छी नहीं है ये ट्रिक कि उनके ही नाम पर लगेगी सियासी सितम की हैट्रिक? उनका मामला ग्रेजुएशन वाला है ? मगर आज भी कराई जा रही है उनसे मैट्रिक?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

### वर्ग प्रशिक्षण शिविर



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रभारी का दायित्व संभाल रहे राजा वर्मा ने प्रशिक्षण महाअभियान में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। राजा वर्मा ने अपने संबोधन में भाजपा की नीतियों से लेकर विभिन्न विषयों पर जानकारीदी। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने राजा वर्मा का स्वागत किया।

## वैश्विक संकट के बीच प्रधानमंत्री की सादगी और त्याग की मिसाल

### संकट के समय देश को उबारना ही नेतृत्व का धर्म : अजय गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व भर में गहराते युद्ध के संकट और अस्थिर होती वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर 'राष्ट्र प्रथम' की नीति को सर्वोपरि रखा है। देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने और विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने के लिए प्रधानमंत्री ने न केवल देशवासियों से कड़े संयम की अपील की है, बल्कि इसकी शुरूआत स्वयं अपने जीवन से की है। प्रधानमंत्री मोदी ने सादगी और बचत का संदेश देते हुए अपने सुरक्षा काफिले में भारी कटौती करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अब केवल दो गाड़ियों के साथ चलने का फैसला किया है, ताकि ईंधन और सरकारी संसाधनों की बचत की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने अपने सभी केंद्रीय मंत्रियों को भी इस मितव्ययिता को अपनाने और संसाधनों का न्यूनतम उपयोग करने का निर्देश दिया है।



प्रधानमंत्री ने नागरिकों से विशेष आग्रह किया है कि आगामी एक वर्ष तक सोना न खरीदने की अपील की गई है ताकि भारत का धन देश के भीतर ही रहे। देश में आर्थिक संकट की आहट को देखते हुए ईंधन की खपत में अधिक से अधिक कटौती करने को कहा गया है।

उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता के अनुसार, प्रधानमंत्री का हर फैसला राष्ट्र की उन्नति के लिए समर्पित होता है। राष्ट्र की दीर्घकालिक उन्नति के लिए इन त्यागों को आवश्यक माना जा रहा है। संदेश स्पष्ट है कि जब नेतृत्व स्वयं त्याग की राह पर चलता है, तो राष्ट्र के हर नागरिक का यह कर्तव्य बन जाता है कि वह अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं से ऊपर उठकर देश के प्रति समर्पित हो।

### गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में स्विमिंग पूल का शुभारंभ



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में स्विमिंग पूल का मंत्रोच्चारण के साथ नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया। आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष अवनीश नाथ त्रिपाठी ने बताया कि बढ़ते तापमान के साथ रेजिडेंट्स की मांग पर पूल की मरम्मत एवं साफ सफाई का कार्य कराया गया। इसके बाद स्वच्छ जल से पूल भरा गया। मीडिया प्रभारी कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया पूल की स्वच्छता बरकरार रखने के लिए क्लोरिन युक्त पानी के टब रखे गए हैं ताकि लोग क्लोरिन युक्त पानी से पैर धोकर ही पूल में प्रवेश करे। एक व्हील चेयर भी रखी गई है ताकि किसी के चोटिल होने की स्थिति में उपयोग की जा सके। इस अवसर पर आर डब्ल्यू ए उपाध्यक्ष रंजन कुमार,सांस्कृतिक प्रभारी सपना शर्मा, फायर समिति अध्यक्ष शंकरलाल वत्स, शैलेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र पाण्डे,अरविंद रॉय, डॉ संतोष खन्ना, मुकेश रावत, शिवा सिंह, राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## फुल एनकाउंटर में शामिल थाना प्रभारी सिहानी गेट कुलदीप दीक्षित का कई संगठनों ने किया सम्मान






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा हाल ही में किए गए चर्चित फुल एनकाउंटर के बाद कार्रवाई में शामिल पुलिस अधिकारियों की लगातार सराहना हो रही है।

इसी क्रम में गुरुवार को थाना सिहानी गेट प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दीक्षित को विभिन्न सामाजिक संगठनों और संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया। बताया जा रहा है कि बदमाशों के खिलाफ चलाए गए इस बड़े ऑपरेशन में थाना प्रभारी कुलदीप दीक्षित की रणनीतिक भूमिका अहम रही।

अपराधियों की घेराबंदी, मूवमेंट ट्रैकिंग और टीम समन्वय को लेकर उनकी कार्यशैली की पुलिस विभाग के साथ-साथ आम लोगों के बीच भी चर्चा हो रही है। सम्मान समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गाजियाबाद पुलिस जिस तरह लगातार अपराध और बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है, उससे लोगों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी कुलदीप दीक्षित ने अपनी टीम के साथ मिलकर अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सोशल मीडिया पर भी कुलदीप दीक्षित की कार्यशैली की जमकर प्रशंसा हो रही है। उनके पुराने सहयोगी, मित्र और कई पुलिस अधिकारी उनकी प्रोफेशनल वर्किंग, टीम लीडरशिप और अपराधियों के खिलाफ सख्त रवैये को लेकर पोस्ट साझा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि इस एनकाउंटर में पुलिस कमिश्नरेट की कई टीमें शामिल थीं। थाना प्रभारी सिहानी गेट कुलदीप दीक्षित के साथ क्राइम ब्रांच स्वाट टीम प्रभारी अनिल राजपूत, थाना वेव सिटी मानवेंद्र सहित कई अधिकारियों ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन को अंजाम दिया था। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद बदमाशों में खौफ और आम जनता में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है।

## नंदग्राम पुलिस की वाहन चोर गिरोह से मुठभेड़, 3 गिरफ्तार

■ एक बदमाश गोली लगने से घायल ■ 9 चोरी की बाइकें, तमंचा और कटे हुए पार्ट्स बरामद



### कई दिनों से गिरोह के पीछे लगी थी पुलिस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट नंदग्राम पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले शातिर गिरोह का पदार्फाश करते हुए मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्रवाई में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दो साथियों को घेराबंदी कर दबोच लिया गया।

आरोपियों के कब्जे से 9 चोरी की मोटरसाइकिलें, एक बाइक के कटे हुए पार्ट्स, अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन ने प्रेसवार्ता में बताया कि इंस्पेक्टर नंदग्राम जितेंद्र सिंह और उनकी टीम पिछले कई दिनों से इस वाहन चोर गिरोह पर लगातार काम कर रही थी। पुलिस को गिरोह की गतिविधियों की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं और इसी के आधार पर निगरानी बढ़ाई गई थी। आखिरकार गुरुवार को पुलिस टीम ने बदमाशों को दबोचते हुए बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस के मुताबिक थाना नंदग्राम टीम क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रोटरी गोल चक्कर के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन संदिग्ध युवक किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी शुरू कर दी। जैसे ही पुलिस ने संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया, बदमाशों ने भागने की कोशिश की। पीछा करने पर एक आरोपी ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को तुरंत एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### खाली मैदान में कटते थे वाहन



**करंट क्राइम :** पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वे दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों से मोटरसाइकिल चोरी करते थे। चोरी की गई बाइकों को हिंडन विहार के एक खाली मैदान में झाड़ियों और दीवारों की आड़ में छिपाकर रखा जाता था। इसके बाद इन बाइकों को अलग-अलग स्थानों पर बेच दिया जाता था। जो बाइक नहीं बिकती थीं, उन्हें काटकर कबाड़ में बेच दिया जाता था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल कुमार, मोहित उर्फ रोहित उर्फ मीरा उर्फ मन्नी और सत्य प्रकाश उर्फ सत्या के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मोहित उर्फ मीरा गिरोह का बेहद शातिर सदस्य है और उसके खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत 19 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अनिल कुमार पर 7 और सत्य प्रकाश पर 5 मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। एसएचओ ने बताया है कि आरोपियों के कब्जे से 9 चोरी की मोटरसाइकिलें, एक बाइक के कटे हुए पार्ट्स, एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। बरामद मोटरसाइकिलों के संबंध में दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न थानों से जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट की इस कार्रवाई को वाहन चोरी के नेटवर्क पर बड़ी चोट माना जा रहा है। नंदग्राम पुलिस की इस सफलता के बाद वाहन चोर गिरोहों में हड़कंप मचा हुआ है।

## दो दर्दनाक सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

### सिहानी गेट और मोदीनगर में हादसों से मचा कोहराम, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट में गुरुवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में लोगों की मौत के बाद माहौल गर्मा गया। सिहानी गेट और मोदीनगर क्षेत्र में हादसों के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। हालांकि पुलिस ने समय रहते हालात संभाल लिए और कहीं भी बड़ा कानून व्यवस्था का संकट पैदा नहीं होने दिया। पहला हादसा थाना सिहानी गेट क्षेत्र के भाटिया मोड़ पर हुआ, जहां नगर निगम की गाड़ी की टक्कर से 70 वर्षीय भोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें तत्काल अस्पताल भिजवाया, लेकिन उपचार के दौरान दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल



में उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। पुलिस ने नगर निगम चालक को भीड़ से सुरक्षित निकालकर थाने पहुंचाया और वाहन को कब्जे में ले लिया।

वहीं दूसरा हादसा मोदीनगर क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर हुआ, जहां तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार डिलीवरी बॉय को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।



मृतक की पहचान संजयपुरी कॉलोनी निवासी विकास के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने थाने पर प्रदर्शन करते हुए बस चालक की गिरफ्तारी की मांग की।

दोनों मामलों में पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट दिखाई दिया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया और कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि दोनों घटनाओं में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया, लेकिन लगातार हो रहे सड़क हादसे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, भारी वाहनों की निगरानी और सड़क सुरक्षा दावों की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। आए दिन हो रहे हादसों में लोगों की जान जाना प्रशासन और ट्रैफिक विभाग के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है।